दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी


नियमित करोगे योग....


पापा ने कहा शो मस्ट गो ऑन!

वर्ष : 12 | अंक : 176 | लखनऊ, 20 जून, शनिवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### अल्लू अर्जुन को 22 कोर्ट में पेश होने का आदेश

हैदराबाद। यहां की नामपल्ली कोर्ट ने साउथ एक्टर अल्लू अर्जुन को समन भेजा है। उन्होंने 22 जून



को संध्या थिएटर भगदड़ मामले की सुनवाई के लिए उन्हें व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। चिक्कड़पल्ली पुलिस ने चार्जशीट में उन्हें आरोपी नंबर 11 बनाया है। संध्या थिएटर के प्रबंधन को भी आरोपियों में नामजद किया गया है।

### टीएमसी के 2 पूर्व मंत्रियों ने भी छोड़ दिया पद

कोलकाता। टीएमसी में उथल-पुथल के बीच दो पूर्व मंत्रियों ने अहम पदों से इस्तीफा दे दिया है।



बंगाल के पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक ने सभी पदों से इस्तीफा दिया। वहीं एक अन्य पूर्व मंत्री और सिलीगुड़ी नगर निगम के महापौर गौतम देब ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया। मलिक ने खराब स्वास्थ्य के कारण पद छोड़ा।

### कर्नाटक एमएलसी चुनाव पर 3 नेता दिल्ली तलब

नई दिल्ली। कर्नाटक में 7 विधान परिषद सीटों के लिए हुए चुनाव में भाजपा को झटका लगा है। सीएम



डीके शिवकुमार की अगुवाई में कांग्रेस ने जहां 5 सीटों पर जीत हासिल की। भाजपा 2 सीटों पर ही जीत दर्ज कर सकी। भाजपा विधायकों की क्रॉस-वोटिंग से भाजपा हाईकमान नाराज है। 23 तारीख को दिल्ली बुलाया है।

### दार्जिलिंग में अस्थायी पुल टूटा, उफनी बालासन

दार्जिलिंग। बंगाल के दार्जिलिंग जिले में बालासन नदी पर बना अस्थायी पुल गिर गया है। तेज



बारिश से नदी उफान पर थी। यहां से होकर जाने वाले वाहनों का आवागमन बाधित हो गया है। वाहनों को डायवर्ट किया है। सिलीगुड़ी और मिरिक सब-डिविजन के बीच का आवागमन बाधित है।

---

### शाह ने 26वें अखिल भारतीय फिंगरप्रिंट सम्मेलन-2026 को संबोधित किया

# डेटा इकट्ठा करना 'अपर्याप्त', इसे इंटेलिजेंस में बदलें, सबूतों को मजबूत-विश्वसनीय बनाएं

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

एनसीआरबी के डायरेक्टर और अन्य अफसर मौजूद रहे

साक्ष्य जुटाने से लेकर चार्जशीट दाखिल करने तक हर चरण की बेहतर ट्रेनिंग दी जानी चाहिए




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में आयोजित 26वें अखिल भारतीय फिंगरप्रिंट सम्मेलन-2026 को संबोधित किया। इस सम्मेलन में एनसीआरबी के डायरेक्टर आलोक रंजन, सीएफएसएल के निर्देशक एसके जैन, एनसीआरबी के संयुक्त निर्देशक संजय माथुर मौजूद रहे, जबकि विभिन्न राज्यों की पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। गृह मंत्री शाह ने कहा कि जांच अधिकारियों को साक्ष्य जुटाने से लेकर चार्जशीट दाखिल करने तक हर चरण की बेहतर ट्रेनिंग दी जानी चाहिए। न्होंने जोर देकर कहा कि नए आपराधिक कानूनों के तहत वैज्ञानिक तरीकों से सबूतों को मजबूत और विश्वसनीय बनाना आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि अदालत में किसी भी जानकारी को प्रभावी साक्ष्य और उपयोगी खुफिया जानकारी में बदलने की प्रक्रिया बेहद महत्वपूर्ण होती है।

#### मार्गदर्शन की उपयोगिता पर दिया जोर

गृह मंत्री शाह ने उदाहरण देते हुए कहा कि महाभारत में कौरवों की सेना और उनकी ताकत पांडवों से अधिक थी, लेकिन पांडवों के पास श्रीकृष्ण का मार्गदर्शन था। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण से उपलब्ध जानकारी का सही विश्लेषण कर उसे उपयोगी रणनीति में बदलते थे, जिससे पांडवों को युद्ध में सफलता मिली। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान, 'अभिज्ञान' ऐप, सीआर पीआई सिस्टम, ई-प्रॉसिक्यूशन 2.0 और ई-फॉरेंसिक 2.0 को लॉन्च किया।

#### डेटा का विश्लेषण करना भी जरूरी

उन्होंने पुलिस बल से कहा कि आज के दौर में केवल डेटा इकट्ठा करना पर्याप्त नहीं है। डेटा को पहले उपयोगी इंटेलिजेंस में बदलना चाहिए और फिर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से उसका विश्लेषण करना चाहिए। इससे देश और विदेश में सक्रिय अपराधियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने में सुरक्षा एजेंसियों को अधिक मदद मिल सकती है। गृह मंत्री ने कहा कि कोई भी अपराधी कितना भी चालाक क्यों न हो, वह कानून और विज्ञान की ताकत से बच नहीं सकता।

#### नए सिस्टम किए जा रहे तैयार

शाह ने बताया कि नैफिस, सीसीटीएमएस, ई-प्रॉसिक्यूशन और ई-फॉरेंसिक्स जैसे सिस्टम ने पूरी आपराधिक न्याय प्रक्रिया को तकनीक से जोड़ दिया है। अब उपलब्ध डेटा को उपयोगी और कार्रवाई योग्य इंटेलिजेंस में बदला जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिसिंग का तरीका अब बदल रहा है। पहले जहां मुख्य रूप से बल आधारित कार्रवाई होती थी, अब वैज्ञानिक साक्ष्यों पर आधारित जांच को सबसे प्रभावी तरीका माना जा रहा है। एआई मशीन लर्निंग और पैटर्न एनालिसिस की मदद से ऐसे सिस्टम बनाए जा रहे हैं जो बार-बार अपराध करने वाले अपराधियों और अंतरराज्यीय अपराध नेटवर्क की पहचान पहले ही कर सकें, ताकि अपराध से पहले ही रोका जा सके।

#### संस्थानों को विकसित किया जा रहा

गृह मंत्री ने कहा कि एनसीआरबी और बीपीआरडी अब केवल रिकॉर्ड और आंकड़े सुरक्षित रखने तक सीमित नहीं रहेंगे। इन संस्थाओं को आधुनिक, इंटेलिजेंस-आधारित अपराध रोकथाम प्रणाली के रूप में विकसित किया जा रहा है। उनका उद्देश्य केवल अपराध होने के बाद कार्रवाई करना नहीं, बल्कि पहले से संभावित अपराधों की पहचान कर उन्हें रोकने की व्यवस्था तैयार करना है। उन्होंने बताया कि देश में उपलब्ध 1.29 करोड़ फिंगरप्रिंट रिकॉर्ड, 9 लाख नारकोटिक्स अपराधियों का डेटा और 3.65 लाख ह्यूमन ट्रैफिकिंग से जुड़े रिकॉर्ड को (एआई) और मशीन लर्निंग की मदद से उपयोगी इंटेलिजेंस में बदला जाएगा। इससे अपराधियों की पहचान और उन पर कार्रवाई करना अधिक प्रभावी होगा। उन्होंने यह भी कहा कि सीसीटीएनएस नेटवर्क की पहुंच देश के 17,840 पुलिस थानों तक हो चुकी है।

---

### भाजपा प्रवक्ता सुधांशु की प्रेस कांफ्रेंस

# प्रधानमंत्री मोदी की स्लोवाकिया फ्रांस यात्रा 'अत्यंत सार्थक' रही

इसके दूरगामी परिणाम दिखाई देंगे



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भाजपा ने पीएम नरेंद्र मोदी की हालिया विदेश यात्रा को शुक्रवार को 'अत्यंत सार्थक' बताया और कहा कि भारत में आने वाले दिनों में इसके 'सकारात्मक व दूरगामी परिणाम' दिखाई देंगे। प्रधानमंत्री 13 से 18 जून तक फ्रांस और स्लोवाकिया की यात्रा पूरी करने के बाद लौट आए हैं। यात्रा के दौरान उन्होंने जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लिया और कई विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि इसने भारत की आर्थिक प्रगति के साथ-साथ देश में प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष और कौशल विकास क्षेत्रों में भी एक नया आयाम जोड़ा है। उन्होंने यहां भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से कहा kf पूर्वी यूरोपीय देश स्लोवाकिया जैसे देश के साथ एक अहम संबंध की स्थापना आज प्रधानमंत्री की विदेश यात्रा के दौरान भारत द्वारा हासिल की गई एक बहुआयामी उपलब्धि है। भाजपा के राज्यसभा सदस्य ने कहा कि इस यात्रा के अत्यंत सकारात्मक और दूरगामी परिणाम आने वाले समय में दिखाई देंगे।

#### 'ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' बनी

एक खास 'ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' (वैश्विक रणनीतिक साझेदारी) बनाई गई, जिसके तहत प्रधानमंत्री ने दुनिया के कई नेताओं के साथ द्विपक्षीय बातचीत की। 'भारत इनोवेट्स 2026' समिट भी हुई। यह बात उल्लेखनीय है कि जी-77 समिट के मुख्य मेजबान होने के बावजूद, फ्रांस के राष्ट्रपति ने 'भारत इनोवेट्स' समिट में शामिल होने के लिए समय निकाला। इसके बाद पेरिस में 'विवा टेक' इवेंट हुआ, जिसमें भारत ने अहम भूमिका निभाई। इन इवेंट्स के साथ-साथ, प्रधानमंत्री ने कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें और अनौपचारिक बातचीत भी की।

#### फ्रांस ने सहयोग को एक नए स्तर पर पहुंचाया

भारत और फ्रांस का जिक्र करते हुए कहा भाजपा सांसद ने कहा कि भारत और फ्रांस ने एआई और डेटा सुरक्षा के लिए एक द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, और फ्रांस ने भारत के साथ इस सहयोग को एक नए स्तर पर पहुंचाया है। निश्चित रूप से, ऐसे समय में जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है, यह और अधिक कुशल और प्रभावशाली साबित होगा। भारत और फ्रांस मिलकर इस क्षेत्र में एक नए वैश्विक केंद्र के रूप में उभर सकते हैं, जो अब तक मुख्य रूप से एक या दो देशों तक ही सीमित माना जाता रहा है।

---

### पीएम मोदी का ओडिशा व बंगाल दौरा

# आज ओडिशा में रूकेंगे कोयला गैसीकरण योजना का शिलान्यास

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पीएम नरेंद्र मोदी 20 जून को ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले के



लखनपुर में देश की पहली वाणिज्यिक स्तर की कोयला-से-अमोनियम नाइट्रेट परियोजना की आधारशिला रखेंगे। 25,016 करोड़ की लागत वाली यह कोयला गैसीकरण परियोजना देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने, आयात पर निर्भरता कम होगी।

#### बंगाल में करेंगे उद्घाटन सम्मान निधि जारी करेंगे

प्रधानमंत्री मोदी 20 और 21 जून को पश्चिम बंगाल के 2 दिनी दौरे पर रहेंगे। हुगली में पश्चिम बंगाल दिवस समारोह में भाग लेंगे, रेलवे, कृषि, ग्रामीण विकास, मत्स्य पालन और पशुपालन क्षेत्रों से जुड़ी विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। कृषि योजनाओं का शुभारंभ करेंगे। 18,880 करोड़ रुपए की 23वीं पीएम-किसान सम्मान निधि किस्त जारी करेंगे।

---

### चढ़ावा चोरी पर बोले सीएम योगी

# हमने एसआईटी गठित की, दूध का दूध व पानी का पानी होगा

अमन लेखनी समाचार/ लखनऊ,

राम मंदिर में चढ़ावा चोरी विवाद के बीच सीएम योगी शुक्रवार को पहली



बार अयोध्या पहुंचे। जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 1857 के बाद अंग्रेजों ने देश के युवाओं को दबाने का प्रयास किया, लेकिन युवा दबा नहीं। चौरी-चौरा, काकोरी ट्रेन को अंजाम दिया। अंग्रेज ज्यादा दिन ठहर नहीं पाए। आज यह देश आजाद है। नए उत्तर प्रदेश में हम रहे हैं सपा का कहना है राम भक्तों का अपमान हुआ है। कारसेवकों पर गोली चलवाने वाले और राम के नारे लगाने पर गोली चलवाने वाले लोग उपदेश देने चले हैं। अयोध्या के बारे में समाचार पत्रों से सुनने को मिला। हमने ट्रस्ट के अनुरोध पर एसआईटी जांच बैठाई। एसआईटी दूध का दूध और पानी का पानी करके रहेगी। लेकिन, मैं सभी पक्षों से कहूंगा कि कोई भी अनर्गल टिप्पणी न करें, जो रामभक्तों को आहत करे।हम लोगों से अपील करते हैं 500 साल इंतजार किया अब 15 दिन और रुक जाइए।

---

### जलवायु परिवर्तन पर शोध को मिलेगी नई ऊंचाई

# आईआईटीएम और एरीज के बीच हुआ करार अब क्लाइमेट ऑब्जर्वेशन स्टेशन बनेगा

आईआईटीएम के निदेशक डॉ. राव और एरीज के निदेशक डॉ. नाजा ने हस्ताक्षर किए

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) पुणे ने 1आर्यभट्ट अवलोकन विज्ञान अनुसंधान संस्थान (एरीज), नैनीताल के साथ एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए। यह ऑनलाइन माध्यम से किया गया। आईआईटीएम के निदेशक डॉ. ए. सूर्यचंद्र राव और



एरीज के निदेशक डॉ. मनीष कुमार नाजा ने हस्ताक्षर किए।इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन पर सहयोगात्मक शोध को बढ़ावा देना और मौसम संबंधी आंकड़ों, ग्रीनहाउस गैसों की निगरानी होगी।

#### जलवायु प्रक्रियाओं की गहन समझ विकसित होगी

उत्तराखंड के ऊंचाई वाले क्षेत्र में स्थित देवस्थल अपनी स्वच्छ और प्राकृतिक वातावरणीय परिस्थितियों के कारण उन्नत वायुमंडलीय अध्ययन के लिए आदर्श स्थान माना जाता है। प्रदूषकों के परिवहन और हिमालयी क्षेत्र में जलवायु प्रक्रियाओं की गहन समझ विकसित की जा सकेगी। बीकाम पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अंतर्गत आईआईटीएम द्वारा शुरू की गई एक राष्ट्रीय पहल है।

---

### सुप्रीम कोर्ट ने एक्सीडेंट क्लेम मामले में की टिप्पणी

# फुटपाथ पर चलना मौलिक अधिकार रखरखाव के लिए निकाय जिम्मेदार

## केंद्र सरकार इस पर कानून बनाए

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि फुटपाथ पर चलने का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। साथ ही कोर्ट ने केंद्र सरकार से इसे लेकर एक कानून बनाने को कहा। साथ वे पैदल चलने वालों के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने, उसकी सीमा तय करने और उसके रखरखाव के लिए नगर निकायों और स्थानीय संस्थाओं की जिम्मेदारी को मान्यता दें।जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और अतुल एस. चंदुरकर की बेंच ने कहा



कि पैदल चलने का अधिकार मौलिक अधिकार है। यह आने-जाने की आजादी के अधिकार का एक अहम हिस्सा है। पैदल चलने के मौलिक अधिकार में तय फुटपाथ का अधिकार भी शामिल होगा। इन्हें मोटर वाले वाहनों से आने-जाने की तुलना में प्राथमिकता दी जाएगी।

#### पैदल चलना जीवन का एक अहम हिस्सा

फुटपाथ पर चलने का मौलिक अधिकार सह-संबंधी कर्तव्य है। अगर सड़कें बनाई गईं हैं, तो यह पक्का करना जिम्मेदारी है कि पैदल चलने वालों के लिए तय किए गए और अच्छी तरह से बनाए रखे गए फुटपाथ हों। शहरी विकास प्राधिकरण, नगर निगम, नगरपालिकाएं और पंचायतें भी जिम्मेदार हैं, उन्हें पैदल चलने वालों के लिए जरूरी बुनियादी ढांचे को तय करने, बनाने और सुरक्षित रखने की कोशिश करनी चाहिए।

---

### अहमदाबाद एआई-171 विमान हादसे पर नई थ्योरी आई सामने

# विमान क्रैश की वजह बिजली की खराबी थी, सबूत भी दिए

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स (एफआईपी) ने अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरने के कुछ ही सेकंड बाद एयर इंडिया बोइंग फ्लाइट एआई-171 के दुखद क्रैश से जुड़ी आधिकारिक बात को चुनौती दी है। उनका दावा है कि नए सिम्युलेटर डेटा से पता चलता है कि क्रैश की वजह पायलट की अनदेखी नहीं बल्कि सिस्टम में बिजली की बड़ी खराबी थी। एफआईपी के अध्यक्ष कैप्टन सीएस रंधावा ने कहा कि उचित पड़ताल नहीं की गई है।

नए सिम्युलेटर डेटा से पायलट संगठन का दावा



#### जान-बूझकर छिपाई गई जानकारी

एफआईपी के अध्यक्ष कैप्टन सीएस रंधावा ने दावा किया कि जांचकर्ताओं ने जरूरी तकनीकी सबूतों को नजरअंदाज किया और नतीजे को सही साबित करने प्रमुख विमानन विशेषज्ञों को जानबूझकर अलग रखा। अंतरिम रिपोर्ट में दावा किया गया था कि फ्लाइट-क्रू ने एक सोची-समझी आत्महत्या की योजना के तहत जानबूझकर इंजन की फ्यूल सप्लाई बंद कर दी थी।

#### सिम्युलेटर टेस्ट में मिले अलग नतीजे

मैन्युअल रूप से बंद करने की वजह से विमान का 'रैम एयर टर्बाइन' ठीक चार सेकंड बाद नीचे गिर गया। 'रैम एयर टर्बाइन' एक बैकअप पावर सिस्टम है, जो पूरी तरह से बिजली जाने पर अपने आप चालू हो जाता है। हालांकि, रंधावा ने कहा कि एफआईपी ने हाल ही में उस फ्लाइट के वजन, बैलेंस और मौसम की स्थितियों को हूबहू दोहराते हुए विस्तृत सिम्युलेटर टेस्ट किए। उन्होंने कहा कि नतीजों ने आधिकारिक टाइमलाइन को पूरी तरह से गलत साबित कर दिया है।

#### इंजन बंद होने के पहले विमान खराब हो गया

एफआईपी का तर्क है कि बैकअप टर्बाइन इतनी तेजी से इसलिए चालू हुआ क्योंकि इंजन बंद होने से पहले ही बिजली की एक बड़ी खराबी ने विमान को बेकार कर दिया था। इसी सिस्टम की खराबी ने इंजन स्विच को ट्रिप किया और आखिरकार विमान क्रैश हो गया। एफआईपी ने यह भी कहा कि एकमात्र व्यक्ति ने बताया था कि विमान के नीचे गिरने से ठीक पहले केबिन की लाइटें टिमटिमा रही थीं और धीमी हो रही थीं, यह जानकारी अचानक और बड़े पैमाने पर बिजली जाने की एफआईपी की थ्योरी से पूरी तरह मेल खाती है।

# गौमाता की रक्षा करते हैं अयोध्या के राजा

## भगवान मुनि सुव्रतनाथ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल हुए सीएम योगी

अमन लेखनी समाचार

- मुख्यमंत्री ने किया ऋषभदेव जन्मभूमि द्वार व 101 भगवान जिनमंदिर का लोकार्पण
- जिसका स्वयं पर अनुशासन नहीं, वह कैसे दूसरों पर शासन कर सकता है : सीएम
- हर जैन परिवार कम से कम एक गाय का खर्च अवश्य उठाये



**अयोध्या/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित भगवान मुनि सुव्रतनाथ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल हुए। सीएम ने यहां ऋषभदेव जन्मभूमि द्वार एव 101 भगवान जिनमंदिर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अयोध्या का गौरवशाली इतिहास है। अयोध्या के राजा ज्ञान परंपरा व गोमाता, दोनों की रक्षा करते हैं। सीएम ने आयोजन में शामिल श्रद्धालुओं से भी अनुरोध किया कि उन्हें गोरक्षा के लिए कुछ जरूर करना चाहिए। भारत में हर परिवार का संस्कार रहा है कि पहला ग्रास गोमाता और अंतिम ग्रास श्वान के लिए होगा। शाम को घर में दीपक जलाने पर चींटियों को आटा-चीनी देते हैं। जीव मात्र के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करना भी जियो और जीने दो की प्रेरणा है।

गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गाय दैवीय विभूति है। सबको उसकी रक्षा, संरक्षण, संवर्धन के लिए प्रयास करना चाहिए। उन्होंने जैन परिवारों से अनुरोध किया कि संभव हो तो गोशाला को गोद लें या कुछ गायों के लिए वार्षिक सहयोग कीजिए अन्यथा साल में कम से कम एक गाय का खर्च जरूर उठाइए। दो-तीन बार गोशाला जाकर गोमाता के स्वास्थ्य को भी देखिए। गोमाता स्वस्थ रहेगी तो भारतीय संस्कृति, जैन धर्म व वैदिक सनातन धर्म सुरक्षित रहेगा। एक की सुरक्षा दूसरे की सुरक्षा में निहित है।

मंजिल तक पहुंचने के रास्ते अलग हो सकते हैं, लेकिन परंपरा एक है। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से अपील की कि तीर्थों की पवित्रता को बनाए रखने के लिए स्वच्छता, पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण समेत हर उस अभियान का हिस्सा बनिए, जिसका भारत की सुरक्षा व संप्रभुता में योगदान हो। पीएम मोदी भी नागरिकों से कर्तव्यबोध की बात करते हैं। देश-समाज के लिए हमारा कर्तव्य क्या है, इसका ध्यान रखेंगे तो भारत व भारतीयता शाश्वत रहेगी।

सीएम ने विश्वास जताया कि समाज को सद्वृत्ति की ओर अग्रसर करने में जैन समाज सहायक होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिनाथ से चली यह परंपरा कहीं और की नहीं है। प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान ऋषभदेव ही हैं। अयोध्या भगवान ऋषभदेव की पावन भूमि भी है। वह धरती के पहले राजा हैं। अयोध्या का राजा धरती का राजा होता था। सीएम ने रामायण में भगवान राम व बालि के प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि बालि उनसे कहता है कि तुमने मुझे धोखे से मारा है। मेरे राज्य पर तुम्हारा क्या अधिकार था, तब भगवान राम कहते हैं कि तुम्हारा कर्म ही तुम्हारी अधोगति का कारण बना है। सागर, वन से आच्छादित संपूर्ण धरा अयोध्या के राजाओं की है। भगवान ऋषभदेव के पुत्र भगवान जड़ भरत हैं, जिनके नाम पर हमारे देश का नाम भारत पड़ा।

सीएम ने कहा कि यह उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि 24 में से सर्वाधिक तीर्थंकर इस धरती पर हुए। उसमें से पांच (पहले तीर्थंकर-भगवान ऋषभदेव, दूसरे-भगवान अजितनाथ, चौथे तीर्थंकर भगवान अभिनंदननाथ, पांचवें तीर्थंकर भगवान सुमतिनाथ और 14वें भगवान अनंतनाथ) का प्रकटीकरण अयोध्या में ही हुआ। काशी में चार, श्रावस्ती में एक, हस्तिनापुर में भी तीर्थंकरों की लंबी परंपरा है। कुशीनगर में 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर ने अंतिम उपदेश देकर उस धरती को पवित्र नगरी के रूप में आशीर्वाद दिया था। बीच के कालखंड में लोगों ने उसे फाजिलनगर कर दिया था, अभी हाल में ही मैंने कहा कि वह पावागढ़ है, उसका नाम वही होगा। सीएम योगी ने कहा कि धरती के राजा सबका संरक्षण, लालन-पालन और अनुशासन की प्रेरणा देते हैं। जियो और जीने दो का मंत्र वही दे सकता है, जो आत्म अनुशासन से बंधा हो। नकारात्मक ताकतें आत्म अनुशासन में नहीं रह सकतीं। जिसका स्वयं पर अनुशासन नहीं है, वह दूसरों पर कैसे शासन कर सकता है? इस पवित्र परंपरा ने दुनिया को यही प्रेरणा व संदेश दिया। इस संदेश पर चलकर हम सिर्फ मनुष्य ही नहीं, बल्कि जीव और दुनिया के कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त कर सकते हैं। जैन तीर्थंकरों ने साधना व वाणी से विश्व मानवता को विश्व कल्याण की प्रेरणा दी।

# 2.17 करोड़ किसानों को मिलेगी सम्मान निधि

## प्रधानमंत्री आज पश्चिम बंगाल से पीएम किसान सम्मान निधि जारी करेंगे



**लखनऊ।** मोदी-योगी सरकार अन्नदाता किसान की समृद्धि को बढ़ा रही है। डबल इंजन सरकार खेत से लेकर किसानों के सम्मान तक निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में शनिवार को पीएम नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल से किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त भेजेंगे। इससे उत्तर प्रदेश के 2.17 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित होंगे। इनके खाते में डीबीटी के माध्यम से सीधे 4352.40 करोड़ रुपये भेजे जाएंगे। यूपी के किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की अब तक (22वीं किस्त) 99,032.58 करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं।

शनिवार को जारी होने वाली पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त से उत्तर प्रदेश के 2.17 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। इन किसानों के खाते में 4352.40 करोड़ की धनराशि आएगी। योजना की धनराशि डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थी के खाते में हस्तांतरित की जाती है। इसमें पात्र किसान परिवार के एक सदस्य को प्रतिवर्ष छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता वर्ष में तीन किस्त में प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। इसके पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मार्च 2026 को असम से सम्मान निधि का लाभ किसानों को दिया था। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 फरवरी 2019 को गोरखपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शुरूआत की थी।

- 23वीं किस्त के रूप में उत्तर प्रदेश के किसानों को मिलेंगे 4352.40 करोड़ रुपये

| वर्ष | धनराशि |
|---|---|
| 2018-19 | 2238.92 करोड़ |
| 2019-20 | 11006.87 करोड़ |
| 2020-21 | 14,432.14 करोड़ |
| 2021-22 | 15,775.52 करोड़ |
| 2022-23 | 12,454.32 करोड़ |
| 2023-24 | 13,808.48 करोड़ |
| 2024-25 | 15,594.74 करोड़ |
| 2025-26 | 13,727.85 करोड़ |
| 2026-27 | 4352.40 करोड़ |
| (यह राशि आज खाते में भेजी जाएगी) | |
| **कुल-** | **1,03,391.24 करोड़** |

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को झांसी में किसानों के बीच रहेंगे। वे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त वितरण के दौरान रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में रहेंगे। मुख्यमंत्री यूपीएग्रीज परियोजना खरीफ संस्करण का शुभारंभ भी करेंगे। शनिवार को 4352.40 करोड़ जारी होने के बाद यह राशि 103,391.24 करोड़ रुपये हो जाएगी।

# नीट परीक्षा के लिए चार ट्रेनों का संचालन कल से

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** नीट परीक्षा 2026 के परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल प्रशासन 21 जून को गोरखपुर-लखनऊ-गोरखपुर के मध्य चार अनारक्षित परीक्षा स्पेशल ट्रेनें चलाएगा। इन गाड़ियों में सामान्य द्वितीय श्रेणी के 10 कोच होंगे।

जनसंपर्क अधिकारी महेश गुप्ता के मुताबिक 05007 गोरखपुर से लखनऊ जं के लिए गोरखपुर से 04:05 बजे चलेगी। खलीलाबाद से 04:56 बजे, बस्ती से 05:22 बजे, बभनान से 05:52 बजे, मनकापुर से 06:22 बजे, गोण्डा से 06:55 बजे, करनैलगंज से 07:24 बजे बाराबंकी से 08:38 बजे, बादशाहनगर से 09:20 बजे छूटकर लखनऊ जं. 10:00 बजे पहुंचेगी। 05008 लखनऊ से गोरखपुर के लिए लखनऊ जं. से 19:15 बजे प्रस्थान कर बादशाहनगर से 19:50 बजे, बाराबंकी से 20:28 बजे, करनैलगंज से 21:20 बजे, गोण्डा से 22:12 बजे, मनकापुर से 22:40 बजे, बभनान से 23:12 बजे, बस्ती से 23:42 बजे छूटकर अगले दिन खलीलाबाद से 00:08 बजे छूटकर गोरखपुर 01:15 बजे पहंचेगी। 05036 लखनऊ से गोरखपुर के लिए लखनऊ जं. से 04:40 बजे चलेगी।

बादशाहनगर से 05:10 बजे, बाराबंकी से 06:05 बजे, करनैलगंज से 06:54 बजे, गोण्डा से 07:33 बजे, मनकापुर से 07:59 बजे, बभनान से 08:20 बजे, बस्ती से 08:45 बजे, खलीलाबाद से 09:10 बजे छूटकर गोरखपुर 10:05 बजे पहुंचेगी। 05035 गोरखपुर से लखनऊ जं0 के लिए गोरखपुर से 19:15 बजे चलकर खलीलाबाद से 19:57 बजे, बस्ती से 20:25 बजे, बभनान से 20:54 बजे, मनकापुर से 21:25 बजे, गोण्डा से 22:00 बजे, करनैलगंज से 22:31 बजे, बाराबंकी से 22:52 बजे छूटकर अगले दिन बादशाहनगर से 00:32 बजे छूटकर लखनऊ जं 01:10 बजे पहुंचेगी।

## लखनऊ-वाराणसी के बीच भी तीन ट्रेन का संचालन 21 से

**लखनऊ।** नीट परीक्षा के अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल विशेष अनारक्षित रेलगाड़ियों का संचालन करेगा। 21 जून को तीन विशेष अनारक्षित परीक्षा स्पेशल रेलगाड़ियों के संचालन किया जाएगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबधंक उत्तर रेलवे समर्थ गुप्ता ने बताया कि ट्रेन संख्या 04206 लखनऊझ्रवाराणसी जं. (अयोध्या कैंट मार्ग से): यह विशेष ट्रेन 21 जून को लखनऊ स्टेशन से सायं 17:55 बजे प्रस्थान करेगी। इसमें 11 अनारक्षित कोच लगाए जाएंगे। यह ट्रेन लखनऊ के बाद बाराबंकी, रुदौली, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, गोशाईंगंज ,अकबरपुर, शाहगंज, जौनपुर एवं जफराबाद स्टेशनों पर ठहरेगी। ट्रेन संख्या 04202 लखनऊझ्रप्रयागराज संगम (रायबरेली-ऊंचाहार मार्ग से) : यह विशेष रेलगाड़ी दिनांक 21 जून को लखनऊ स्टेशन से सायं 17:45 बजे प्रस्थान करेगी। ट्रेन में 14 अनारक्षित कोच लगाए जाएंगे। यह रेलगाड़ी बछरावाँ, हरचंदपुर, रायबरेली, लक्ष्मणपुर, ऊंचाहार, परियावां कालाकांकर रोड, गढ़ी मानिकपुर, कुंडा हरनामगंज, रामचौरा रोड, फाफामऊ तथा प्रयाग जं. स्टेशनों पर ठहरेगी। इसके अतिरिक्त गाड़ी संख्या 04208 वाराणसी जं.झ्रपटना जं. (पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं मार्ग से): यह विशेष ट्रेन 21 जून को वाराणसी जं. से सायं 17:45 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी में कुल 12 अनारक्षित कोच लगाए जाएंगे। यह रेलगाड़ी पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., दिलदारनगर, बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशनों पर ठहरेगी।

# मोदी के नेतृत्व में 12 वर्षों में काशी सहित पूरे देश में हुआ अभूतपूर्व विकास

अमन लेखनी समाचार

- पत्र सूचना कार्यालय द्वारा वाराणसी में पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 साल- विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के विषय पर 'वातार्लाप कार्यक्रम' (मीडिया कार्यशाला) का किया गया आयोजन
- मीडिया कार्यशाला में 100 से अधिक मीडिया संस्थानों ने लिया भाग

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं जन कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पत्र सूचना कार्यालय, वाराणसी द्वारा आज वाराणसी में केंद्र सरकार के 12 साल- विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के विषय पर वातार्लाप कार्यक्रम (मीडिया कार्यशाला) का आयोजन किया गया। मीडिया कार्यशाला में 100 से अधिक मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों द्वारा भागीदारी की गयी। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन रवीन्द्र जायसवाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी ने संबोधित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रवीन्द्र जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में काशी सहित पूरे देश में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं, जिनका प्रभाव आम नागरिकों के जीवन में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र में व्यापक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग का बजट 27 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 1.40 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है तथा पीएम-किसान योजना के तहत किसानों को 4.28 लाख करोड़ रुपये से अधिक की प्रत्यक्ष सहायता प्रदान की जा चुकी है।

जायसवाल ने कहा कि सड़क, परिवहन और आधारभूत संरचना के व्यापक विकास ने देश में कनेक्टिविटी को नई गति प्रदान की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, आयुष्मान भारत तथा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के पिछले 12 वर्षों में महिला सशक्तिकरण, गरीब कल्याण, आधारभूत संरचना, रक्षा एवं विदेश नीति के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों की यह यात्रा केवल योजनाओं और आंकड़ों की नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के विश्वास, परिश्रम और आकांक्षाओं की यात्रा है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण, सामाजिक उत्थान, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प ने विकसित भारत-2047 की मजबूत नींव तैयार की है।

मीडिया कार्यशाला को वाराणसी जंक्शन के स्टेशन निदेशक अर्पित गुप्ता ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारतीय रेलवे ने सुरक्षा, गति, यात्री सुविधाओं और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।

मीडिया कार्यशाला को काशी पत्रकार संघ के अध्यक्ष तथा वरिष्ठ पत्रकार अरुण मिश्रा ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में पत्रकारिता एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जो समाज और सरकार के बीच सेतु का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि पत्रकार जनहित के मुद्दों को सामने लाकर शासन-प्रशासन को संवेदनशील और जवाबदेह बनाये रखने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। कार्यक्रम के संयोजक एवं पत्र सूचना कार्यालय तथा केंद्रीय संचार ब्यूरो के निदेशक दिलीप कुमार शुक्ल ने अतिथियों का स्वागत और आभार व्यक्त किया।

# किशोरी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलसी, हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के गुलाल खेड़ा गांव में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में 13 वर्षीय किशोरी हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। परिजनों ने आनन-फानन उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, गुलाल खेड़ा निवासी राजकुमार की पुत्री सुनैना (13) अपने घर की छत पर खड़ी होकर मोबाइल फोन पर रिश्तेदारों से बात कर रही थी। इसी दौरान वह छत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के अत्यधिक करीब पहुंच गई। प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों के मुताबिक, सुनैना के पैरों में चप्पल भी नहीं थी, जिससे करंट का प्रभाव और अधिक हो गया। अचानक तेज झटका लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गई।

घटना के बाद परिवार में अफरा-तफरी मच गई। परिजन तत्काल उसे नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार दिया। हालांकि हालत गंभीर होने के कारण उसे सिविल अस्पताल लखनऊ रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार चल रहा है।

घटना के बाद ग्रामीणों ने आबादी के बीच से गुजर रही हाईटेंशन लाइनों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रिहायशी क्षेत्रों के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइनें लगातार हादसों का कारण बन रही हैं, जिसके प्रति संबंधित विभाग को गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। वहीं परिजनों के अनुसार सुनैना की हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है।

# आठ साल पुराने दुष्कर्म मामले में दोषी को बीस साल की सजा

अमन लेखनी समाचार



आरोपी इश्तियाक – फोटो

लखनऊ। पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत मलिहाबाद पुलिस और अभियोजन विभाग को बड़ी सफलता मिली है। करीब आठ वर्ष पुराने दुष्कर्म मामले में विशेष पॉक्सो न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास और 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। पुलिस के अनुसार, मलिहाबाद क्षेत्र के सदरपुर गांव निवासी इश्तियाक अली के खिलाफ वर्ष 2018 में एक नाबालिग बालिका से दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों, पीड़िता के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। विशेष पॉक्सो कोर्ट-2, लखनऊ के न्यायाधीश ने 17 जून को सुनाए गए फैसले में आरोपी को पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास तथा 25 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। न्यायालय ने आदेश दिया कि अर्थदंड जमा न करने पर दोषी को एक वर्ष का अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। फैसले के बाद आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। मामले में तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह भाटी, उपनिरीक्षक विवेक कुमार तथा मुख्य आरक्षी मनोज कुमार की प्रभावी विवेचना और अभियोजन पक्ष की सशक्त पैरवी महत्वपूर्ण रही। इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत गंभीर अपराधों में आरोपियों को शीघ्र और कठोर सजा दिलाने के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है, ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके और अपराधियों में कानून का भय बना रहे।

# लोहे का गेट गिरने से मासूम की मौत, खेलते समय हादसे का शिकार

अमन लेखनी समाचार



पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र स्थित मोहिद्दीनपुर गांव में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में तीन वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। घर का भारी लोहे का गेट अचानक उखड़कर गिर पड़ा, जिसकी चपेट में आने से मासूम गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी सूरज कुमार अपनी पत्नी सीमा और दो बेटियों सृष्टि (4 वर्ष) व अन्वी (3 वर्ष) के साथ रहते हैं। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे सीमा बड़ी बेटी को ट्यूशन छोड़ने गई थीं, जबकि सूरज घर पर छोटी बेटी अन्वी को खाना खिला रहे थे। इसी दौरान अन्वी खेलते-खेलते घर के मुख्य गेट के पास पहुंच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक लोहे का भारी गेट कुंडे समेत उखड़कर अन्वी के ऊपर गिर गया। बच्ची की चीख सुनकर परिजन दौड़कर मौके पर पहुंचे और गेट हटाकर उसे बाहर निकाला। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि मकान का निर्माण करीब आठ वर्ष पहले कराया गया था और उसी समय एक कुंतल से अधिक वजन वाला लोहे का गेट लगाया गया था। आशंका जताई जा रही है कि लंबे समय से उपयोग के कारण गेट के कुंडे और उसे थामे हुए सीमेंट की पकड़ कमजोर हो गई थी, जिससे यह हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की। हालांकि परिजनों ने पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया, जिसके चलते शव का पंचनामा भरने के बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस के अनुसार गेट के नीचे दबने से बच्ची के सिर और सीने में गंभीर चोटें आई थीं। प्राथमिक तौर पर इन्हीं चोटों को मौत का कारण माना जा रहा है। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। मासूम अन्वी की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# सपा सांसद आनंद भदौरिया ने ग्लोबल भारत टीवी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग की

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। सपा सांसद आनंद भदौरिया ने कोतवाली लखीमपुर खीरी में ग्लोबल भारत टीवी द्वारा सपा सांसदों के विरुद्ध फर्जी खबर चलाकर उनकी मानहानि करने और मानसिक प्रताड़ना करने सम्बन्धी मुकदमा दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। श्री भदौरिया ने कहा कि ग्लोबल भारत टीवी द्वारा अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर न्यूज रिपोर्टर अभिषेक शाण्डिल्य द्वारा कथित एक रील पोस्ट की गई है जिसमें मेरे सहित 27 सांसदों के विरुद्ध झूठा, भ्रामक एवं असत्य समाचार प्रकाशित किया गया है जिससे हमारी पार्टी की सामाजिक प्रतिष्ठा को गंभीर क्षति पहुंची है तथा आम जन मानष में हमारी पार्टी के सांसदों के प्रति गलत धारणा उत्पन्न हुई है। उन्होंने ने कहा कि यह कृत्य जान बूझकर किया गया है जिससे हमारी पार्टी के सभी सांसदों साहित मेरी व्यक्तिगत हानि हुई है और मानसिक पीड़ा भी पहुँची है। सपा सांसद आनंद भदौरिया ने कहा कि उक्त कार्य भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के अंतर्गत संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आता है। उन्होंने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की।

# कांग्रेसियों ने धूमधाम से मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। नेता प्रतिपक्ष (लोकसभा) राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर शुक्रवार को उप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय लखनऊ में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। इस मौके पर उप्र कांग्रेस कमेटी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने सर्वप्रथम पूर्वान्ह हनुमन्त धाम मंदिर, होटल क्लार्क अवध के पीछे, हजरतगंज में राहुल गांधी के जन्मदिन पर आयोजित रुद्राभिषेक कार्यक्रम में सम्मिलित होकर राहुल गांधी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु होने की कामना की। इसके बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय द्वारा अपरान्ह प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में राहुल गांधी के जन्मदिन पर वरिष्ठ कांग्रेसजनों के साथ मिलकर केट काटकर जन्मदिन की खुशियां मनायी गयीं। इस मौके पर मौजूद कांग्रेसजनों को मिष्ठान वितरित किया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने इस मौके पर राहुल गांधी के स्वस्थ और दीघार्यु होने की कामना करते हुए कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी द्वारा संविधान और लोकतंत्र को बचाने, छात्रों, युवाओं, किसानों, महिलाओं, पिछड़े, दलित एवं अल्पसंख्यक वर्ग की आवाज बनकर संघर्ष कर रहे हैं। हम सभी जनविरोधी सरकार की नीतियों के खिलाफ डटकर खड़े रहेंगे। निश्चित तौर पर देश और प्रदेश में परिवर्तन होगा और आने वाला समय कांग्रेस का है। सुन्नी वक्फ बोर्ड मस्जिद पर जुमे की नमाज के बाद डॉ. आशीष दीक्षित एवं अंकित सक्सेना के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा शरबत का वितरण किया गया।

# पत्नी से विवाद के बीच युवक ने फांसी लगाकर दी जान, बहन को भेजा था आखिरी मैसेज

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र के कल्ली पश्चिम स्थित विकास नगर में शुक्रवार को एक युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान 28 वर्षीय शिव कुमार के रूप में हुई है। वह पेशे से ड्राइवर था और एक निजी अस्पताल के डॉक्टर की गाड़ी चलाता था। शुक्रवार दोपहर उसने अपने घर में पंखे से फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना मिलने पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे तथा शव को नीचे उतारा गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि शिव कुमार का अपनी पत्नी गायत्री से करीब एक वर्ष से विवाद चल रहा था। दोनों अलग-अलग रह रहे थे। शिव कुमार अपने पीछे दो बेटियां और एक बेटा छोड़ गया है। वह अपनी पांच बहनों का इकलौता भाई था। परिजनों के मुताबिक, आत्महत्या से पहले शिव कुमार ने करीब पौने 12 बजे अपनी बहन अनीता को मोबाइल पर एक संदेश भेजा था, जिसमें उसने आत्महत्या करने की बात लिखी थी। मैसेज पढ़ते ही परिजन उसके घर पहुंचे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। परिवार वालों ने बताया कि शिव कुमार ने हाल ही में अपना पुराना मकान बेच दिया था, जिसे करीब एक महीने बाद खाली करना था। वह सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव में नया मकान बनवा रहा था और जल्द ही वहां शिफ्ट होने की तैयारी में था। पुलिस का कहना है कि मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। ऐसे में आत्महत्या के पीछे की वास्तविक वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस मोबाइल फोन और अन्य तथ्यों के आधार पर मामले की जांच कर रही है। पीजीआई पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए केजीएमयू भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### ग्राहक सेवा को लेकर ढाबे पर कर्मचारियों के बीच जमकर हुई मारपीट



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शहर के कोतवाली क्षेत्र स्थित एक इंडियन ढाबे में गुरुवार रात कर्मचारियों के बीच जमकर मारपीट हुई। यह विवाद ग्राहक सेवा को लेकर शुरू हुआ और देखते ही देखते लात-घूंसे में बदल गया। घटना का वीडियो भी सामने आया है। ढाबे पर ग्राहकों को सेवा देने को लेकर कर्मचारियों में बहस छिड़ गई थी। आरोप है कि एक-दूसरे पर काम में लापरवाही का आरोप लगाने के बाद विवाद बढ़ गया। इसके बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और हाथापाई शुरू कर दी। मारपीट के दौरान ढाबे में मौजूद ग्राहकों में अफरा-तफरी मच गई। अन्य कर्मचारी और ग्राहक इस घटना के दौरान तमाशबीन बने रहे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ग्राहकों को समय पर सेवा न मिलने के कारण कर्मचारियों के बीच यह विवाद हुआ था। मारपीट का वीडियो सामने आने के बाद कोतवाली पुलिस को सूचना मिली। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने ढाबे के कर्मचारियों से पूछताछ की है और मामले की जांच शुरू कर दी है।इंस्पेक्टर कोतवाली सीके मिश्र ने बताया कि विवाद के कारणों की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। ढाबा संचालक या कर्मचारियों की ओर से अभी तक कोई विस्तृत बयान जारी नहीं किया गया है।

### पीएम मार्ग पर किसानों ने किया कब्जा सूखा रहे फसल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र की एक प्रधानमंत्री सड़क को पूरी तरह कब्जे में लेकर अनेक किसानों द्वारा फसल सुखाने हेतु दोनो तरफ से रास्ता ब्लाक कर दिया गया है जिससे राहगीर खेतो से निकलने को मजबूर है तो वही किसानों की मजबूरी भी दिखाई दे रही बांगरमऊ के गांव बेरियागाड़ा से शहबाजपुर जाने के लिए एक प्रधानमंत्री सड़क बनी हुई है इस मार्ग को स्थानीय किसानों द्वारा लालू बाबा स्थान के कुछ दूरी से लेकर जमादार पुरवा गांव नामक मोड़ के करीब तक रोड को पूरी तरह से कब्जे में लेकर मार्ग के दोनों सिरों को बल्लियों व अन्य खरपतवार रखकर ब्लाक कर दिया गया तथा लगभग 500 मीटर की सड़क को पूरी तरह से कब्जे में लेकर मक्का की फसल सुखाई जा रही है किसानों के इस बेजा प्रयास से आवागमन करने वाले राहगीरों को मुसीबत हो रही है तो वही क्षेत्र में फसल सुखाने हेतु कोई पर्याप्त स्थान ना होने से किसानों की मजबूरी भी झलकती दिख रही है।

# खनन कर रही ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से विद्युत पोल टूटा

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र में रात के समय लगातार होने वाले खनन कार्य में लगी जे सी बी की गर्जना व ट्रेक्टर ट्रालियों की धमाचौकड़ी से ग्रामीणों की नींद व चैन छिनता दिख रहा इसी खनन में लगे ट्रेक्टर की टक्कर से एक विधुत पोल धराशाई हो गया जिससे चार दिनों से एक गांव की बत्ती गुल पड़ी हुई है ।किंतु तहसील प्रशाशन की कार्यवाही ऊँट के मुंह में जीरा साबित होती दिख रही है।

गौरतलब हो बांगरमऊ क्षेत्र में खनन कार्य की बाढ़ जैसी आई हुई है दिन ढलने के बाद रात का अंधेरा होते ही क्षेत्र में कही ना कही जे सी बी की गर्जना शुरू हो जाती है साथ ही दर्जनों ट्रेक्टर ट्रालियां मिट्टी लेकर इधर उधर करने के लिए धमाचौकड़ी मचाने लगते है कहा जा रहा है बीते मंगलवार की रात गांव ककरिहा पुरवा के निकट एक ग्रामीण के खेत में पूरी रात खनन कार्य कराया गया इस दौरान आवागमन करते समय ट्रेक्टर की टक्कर लगने से गांव का एक विधुत पोल धराशाई हो गया जिससे बीते चार दिनों से गांव की विधुत आपूर्ति ठप पड़ी हुई है ।इसी तरह से गांव लहरापुर में भी रात के समय खनन कराया गया इसी क्रम में गुरुवार की रात मुरादाबाद कस्बा के निकट फैजुल्ला शाह नामक मजार के निकट भी रात में खनन कराया गया तो रात के समय जे सी बी की गर्जना व ट्रेक्टर ट्रालियों के आवागमन से तमाम ग्रामीणों की नींद व चैन हराम हुआ जिससे परेशान होकर लहरापुर गांव निवासी ग्रामीणों ने लामबंद होकर उपजिलाधिकारी बांगरमऊ को दूरभाष से खनन की सूचना दी किंतु ग्रामीणों की सूचना दिए जब घंटों का समय गुजर गया और खनन पर ब्रेक नहीं लग सका तो ग्रामीणों ने भाजपा जिलाध्यक्ष को खनन कार्य की सूचना दी कई ग्रामीण बताते है भाजपा जिलाध्यक्ष के हस्तक्षेप के बाद जिला स्तरीय अधिकारियों के निर्देश पर खनन कार्य रुका व दो ट्रैक्टर ट्राली पकड़े गए है जबकि खनन कार्य में एक जे सी बी मशीन के अलावा एक दर्जन ट्रेक्टर लगे हुए थे ।यही नहीं तमाम ग्रामीण बताते है कि क्षेत्र में वर्तमान में रात के समय खनन कार्य प्रचंड रूप में हो रहा है जिसके बाद सुबह पहर आधुनिक मशीनों का सहारा लेकर खनन वाले स्थान को बराबर कर दिया जाता है। वही रात में लगातार खनन कार्य होने से बांगरमऊ तहसील प्रशाशन की कार्यशैली प्रश्नों के घेरे में बनी दिखाई दे रही है ।साथ ही इस कार्य में किसी सफेदपोश की सहभागिता होने की भी आशंका बनी हुई है।

उपजिलाधिकारी ब्रजमोहन शुक्ला ने कहा है खनन पर कार्यवाही की जा रही है जहां भी सूचना मिलती है नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

कोतवाल अखिलेश चंद पांडेय ने कहा है सूचना मिलने पर गांव देवरिया के निकट दो मिट्टी लदे ट्रैक्टर ट्रालियों को पकड़ा गया है विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर, सहायक अभिलेखागार अधिकारी के नेतृत्व में हुई कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। शासन के भू-माफिया मुक्त अभियान के तहत जिला प्रशासन ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए तहसील सदर के ग्राम कटरी पीपरखेड़ा में सरकारी जमीन पर किए गए अवैध कब्जे को ध्वस्त कर दिया। सहायक अभिलेखागार अधिकारी के नेतृत्व में पहुंची राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने बुलडोजर से पक्के निर्माण गिराकर 0.7675 हेक्टेयर जमीन कब्जा मुक्त कराई।

प्रशासन ने गाटा संख्या 45ख रकबा 0.3275 हेक्टेयर, गाटा संख्या 46 रकबा 0.3500 हेक्टेयर एवं गाटा संख्या 47 रकबा 0.0900 हेक्टेयर की सरकारी जमीन को चिन्हित किया था। शुक्रवार को भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची टीम ने पैमाइश के बाद इन गाटों पर बने अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया।

कार्रवाई के दौरान अधिकारियों के सख्त तेवर देखकर इलाके के भूमाफियाओं में हड़कंप मच गया। बुलडोजर चलते ही आसपास के कई कब्जेदार अपना सामान हटाकर खुद ही कब्जा छोड़ने लगे। अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि सरकारी जमीन पर एक इंच भी अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिले में भू-माफियाओं के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिले में चिन्हित सभी सरकारी, ग्राम समाज और तालाब की जमीनों को चरणबद्ध तरीके से कब्जा मुक्त कराया जाएगा। यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# माल खाना भवन में पूर्व महामंत्री ने लगवाया शटर चचाओं का दौर शुरू

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। तहसील परिसर स्थित मालखाना भवन में पूर्व महामंत्री द्वारा शटर लगाए जाने को लेकर सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने के बाद तहसील के वकीलों में चचाओं का दौर शुरू हो गया अधिवक्ता राजेंद्र पाठक ने मालखाना परिसर में लगाए गए शटर की तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा करते हुए सवाल उठाए कि मालखान डबल लाकर का था। जिसमें वकील द्वारा अपना सटर लगा कर कब्जा कर लिया गया है ।सरकारी परिसर ही सुरक्षित नहीं हैं तो यह गंभीर विषय है।

वहीं बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री मुनेश्वर रावत ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि बीते वर्षों पुरानी तहसील की नीलामी हुई थी ।जिस परिसर में शटर लगाया गया है, उसे उन्होंने ठेकेदार से खरीदा था ।उन्होंने आरोप लगाया कि उक्त स्थान पर पहले राजेंद्र पाठक ने अवैध रूप से कुर्सी रखी थी। जिसे हटाए जाने से नाराज होकर उन्होंने तस्वीर खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी है ।बार एसोसिएशन अध्यक्ष राम नरेश यादव ने बताया कि इस संबंध में पहले भी एक बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें मुनेश्वर रावत उपस्थित नहीं हुए थे। अब पुनः बैठक बुलाई गई है और उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा। बैठक में मामले पर चर्चा कर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी ।एसडीएम प्रज्ञा पाण्डेय ने बताया कि मालखाना परिसर में कोई सरकारी दस्तावेज नहीं रखा है। उन्होंने कहा कि यह मामला बार एसोसिएशन से जुड़ा है। यदि इस संबंध में कोई लिखित शिकायत मिलती है तो नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# अहिल्याबाई की जयंती पर समरसता संगोष्ठी का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के एक गेस्ट हाउस में पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की 301 वीं जयंती पर सामाजिक समरसता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अथिति अवध प्रान्त समरसता प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजकिशोर ने कहा कि अहिल्याबाई न्याय की देवी थीं। उनके शासनकाल में मालवा राज्य शांति, समृद्ध और सुशासन के मामले में विख्यात था।

संगोष्ठी में सर्वप्रथम संघ के राजकिशोर व क्षेत्रीय विधायक श्रीकान्त कटियार तथा स्थानीय ब्रम्हाकुमारीज राजयोग केंद्र संचालिका बीके सरला बहन ने अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। बाद में राजकिशोर ने कहा कि अहिल्याबाई ने भारत के अनेक प्रमुख तीर्थस्थलों का निर्माण एवं जीर्णोद्धार कराया। इनमें विशेष रूप से काशी विश्वनाथ मंदिर, सोमनाथ मंदिर, विष्णुपद मंदिर, केदारनाथ मंदिर सहित अनेक तीर्थों का पुनर्निर्माण एवं विकास कराया ।विधायक श्रीकान्त कटियार ने कहा कि लोकमाता ने महिलाओं को सम्मानजनक जीवन देने का प्रयास किया। विधवाओं के प्रति सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाया और महिलाओं की शिक्षा और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित किया।

राजयोग केंद्र संचालिका बीके सरला बहन ने कहा कि माता अहिल्याबाई होल्कर केवल एक महान शासक ही नहीं बल्कि समाज सुधारक, धर्मरक्षक और जनकल्याणकारी व्यक्तित्व थीं। उन्होंने न्याय, सेवा, महिला सम्मान, धार्मिक संरक्षण और लोककल्याण के माध्यम से भारतीय इतिहास में अपना नाम अमर कर दिया। संगोष्ठी में लवकुशनगर समरसता प्रमुख श्यामवीर, जिला प्रचारक देवेन्द्र, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अर्जुनलाल दिवाकर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुकेश पाल, ज्ञानेश द्विवेदी व विकास गुप्ता शामिल रहे।

# पुलिस मुठभेड़ की मजिस्ट्रियल जांच के निर्देश

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। गत 15 जून को बांगरमऊ क्षेत्र में हुई पुलिस मुठभेड़ के मामले में मजिस्ट्रियल जांच जारी है। इस संबंध में जांच अधिकारी एवं नगर मजिस्ट्रेट उन्नाव मनोज सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आमजन से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के पास उक्त मुठभेड़ से संबंधित कोई जानकारी, तथ्य, लिखित साक्ष्य अथवा बयान है तो वह जांच के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है।

नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति आगामी 4 जुलाई तक पूर्वाह्न 11 बजे से सायं 4 बजे के बीच उन्नाव स्थित उनके कार्यालय में किसी भी दिवस उपस्थित होकर अपना मौखिक या लिखित बयान दर्ज करा सकता है। इसके साथ ही घटना से संबंधित दस्तावेज, फोटो, वीडियो अथवा अन्य कोई साक्ष्य भी जांच के लिए उपलब्ध कराए जा सकते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो व्यक्ति व्यक्तिगत रूप से कार्यालय पहुंचने में असमर्थ हैं, वे अपने बयान और साक्ष्य रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से भी भेज सकते हैं।

गौरतलब है कि 15 जून को बांगरमऊ में हुई पुलिस मुठभेड़ में संत मिलन दास के हत्यारोपी इसराइल की मृत्यु हो गई थी। घटना के बाद शासन के निर्देश पर मामले की मजिस्ट्रियल जांच कराई जा रही है। जांच अधिकारी ने कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच सुनिश्चित करने के लिए सभी पक्षों की बात सुनी जाएगी और प्राप्त साक्ष्यों का परीक्षण किया जाएगा।

# छत के रास्ते घर में घुसे चोर; डेढ़ लाख नकदी समेत लाखों के जेवरात पार

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में सिकंदरपुर कर्ण ब्लाक के अकबरपुर गांव में गुरुवार रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। छत के रास्ते घर में दाखिल हुए चोर लगभग 50 ग्राम सोना, आधा किलो चांदी के जेवरात तथा डेढ़ लाख रुपये नकद चोरी कर ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता शिव देवी पत्नी सुशील कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि घटना की रात वह अपनी सास, पुत्री काजल, भतीजे साहिल तथा परिवार के अन्य सदस्यों के साथ घर की छत पर सो रही थीं। इसी दौरान चोर घर के पीछे की ओर से छत पर चढ़ आए और जीने के रास्ते नीचे उतरकर एक कमरे का ताला तोड़ दिया। इसके बाद उन्होंने कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे जेवरात और अन्य कीमती सामान निकाल लिया ।चोर घर में रखे दो बक्से भी उठा ले गए। बाद में घर से करीब आधा किलोमीटर दूर नाले के किनारे रामकुमार शर्मा के खेत में दोनों बक्से टूटे हुए हालत में मिले। बक्सों में रखा सारा सामान गायब था। पीड़िता के अनुसार चोरी हुए सामान में करीब 50 ग्राम सोने के आभूषण, 500 ग्राम चांदी के जेवर तथा डेढ़ लाख रुपये नकद शामिल हैं। यह रकम उनकी बहन की शादी में लिए गए कर्ज को चुकाने के लिए पिता और भाई द्वारा गुजरात से भेजी गई थी। सुबह जब परिवार के लोग जागे तो चोरी की जानकारी हुई। पड़ोसियों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे लालकुआं चौकी प्रभारी नागेंद्र सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई तथा जांच-पड़ताल की। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पीड़ित परिवार की तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही मुकदमा दर्ज कर घटना का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा।

# पुत्री हुई लापता पिता ने दर्ज कराया मुकदमा




अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत पुत्री के गुम हो जाने पर पिता द्वारा पुलिस को तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है ।थाना बिहार के एक गाँव से पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 19 वर्षीय पुत्री अपने घर से बिहार जाने के लिए निकली थी लेकिन वह वापस घर नहीं पहुंची ।काफी खोजबीन के बाद उसका पता नही चला। उसे शक है कि सूरज व नीरज निवासी लखनऊ ही उसे बहला फुसलाकर कर भगा ले गए है। पिता ने किसी अनहोनी की आंशका जताई है। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज कर लड़की की खोजबीन की जा रही है।

# अनियंत्रित बाइक सवार खंती में गिरा, चार घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में जा गिरी, जिससे बाइक सवार परिवार के चार सदस्य घायल हो गए। हादसे में महिला और उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। महिखेड़ा गांव निवासी शंकर लाल अपनी पत्नी पियारा तथा पुत्रों युग, राज और अनुराग के साथ बाइक से अजगैन कोतवाली क्षेत्र के पिड़हरी गांव में एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। रास्ते में माधवखेड़ा गांव के पास अचानक




बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में जा गिरी ।हादसे में पूरा परिवार घायल हो गया। इनमें पियारा और उनके पुत्र युग को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल मां-बेटे को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# बैंक कर्मी ने दुकानदार के एटीएम कार्ड से पार कर दिए चालीस हजार

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत बैंक कर्मी द्वारा दुकानदार से एटीएम कार्ड धोखाधड़ी कर चालीस हजार निकाल लिए जाने पर पीड़ित द्वारा दी गयी तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामला थाना क्षेत्र के पाटन निवासी प्रदीप पुत्र राजकुमार का है। उन्होंने तहरीर देकर बताया कि उसका पाटन में कटियार मेडिकल स्टोर के नाम से दुकान है। एस.बी.आई. क्रेडिट कार्ड शाखा में कार्यरत सुमित त्रिवेदी पुत्र विजय त्रिवेदी नि. खैराबाद हसनगंज जिला उन्नाव मेरी दुकान आये और मेरा एस.बी.आई. कार्ड बनाया। दो फरवरी को दुबारा मेरी दुकान पर आया बोला कि क्रेडिट कार्ड की लिमिट कम है जिसको बढ़ाने के लिए आपको नया क्रेडिट कार्ड शाखा से जारी होगा और उसने मेरा मोबाइल लेकर मेरे क्रेडिट कार्ड से 40.000 रुपए सरोज नाम के व्यक्ति के खाते में डाल दिया जिसकी जानकारी मुझे बाद में हुई। जिसके खाते में रुपए डाले है वह इनका मित्र सर्वेश कुमार है जिसकी पत्नी के नाम से खाता चलता है । सुमित त्रिवेदी के साथ इनकी बहन सैजल त्रिवेदी भी क्रेडिट कार्ड का काम देखती है क्योंकि एक दो बार उसने भी मुझे फोन करके इसके विषय में जानकारी दी थी। उसके पास सुमित्र त्रिवेदी, उनकी बहन और सर्वेश कुमार से जुड़ें सारे साक्ष्य, फोटो व रिकार्डिंग है। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया तहरीर में नामित चार लोगों पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

# मंदिर में स्थापित माता रानी की मूर्ति को अराजकतत्वों ने किया खंडित

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कस्बे के दुबियाना मोहल्ले के पूर्वी छोर पर स्थित पहाड़ मती देवी मंदिर में स्थापित देवी मूर्ति को बीती रात अराजक तत्वों ने खंडित कर दिया। सुबह लोग पूजन अर्चन करने गए लोगो को मूर्ति का एक हाथ और तलवार टूटी मिलने पर जानकारी हुई ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर अराजकतत्वों को शीघ्र गिरफ्तार करने और नई मूर्ति स्थापित कराने सहित सीसीटीवी कैमरा लगवाने का आश्वासन दिया ।कस्बे के दुबियाना मोहल्ले के पूर्वी छोर पर रानी तालाब के समीप एक अहाता नुमा देव स्थान पर पत्थर के शिलापट को पहाड़ मती माता नाम से लोग दशकों से पूजन अर्चन करते आ यही थे ।वर्ष 2016 में तत्कालीन नगर पंचायत चेयरमैन पति हरिशरण लाला ने के ढाई फीट ऊँची देवी मूर्ति की विधि विधान से स्थापना कराकर बाउंड्री वाल और तीन तरफ गेट लगवाए थे ।तबसे लोगों की देवी के प्रति आस्था बढ़ती गई और प्रतिदिन सुबह शाम मोहल्ले के लोग पूजन अर्चन और साफ सफाई करते ।हालांकि कोई यहां स्थायी केयर टेकर या पुजारी नियुक्त नहीं है ।बीती रात किसी अराजकतत्व ने देवी मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर खंडित कर दिया ।पत्थर की मूर्ति का एक हाथ और तलवार तोड़ दी गई यही नहीं किसी वजन दार चीज से मूर्ति पर वार किया गया जिससे शेर के चारों पैर क्रेक हो गए। सुबह आसपड़ोस की कुछ लड़कियां रोज की भांति मंदिर की साफ सफाई करने गई तब जानकारी हुई ।मूर्ति खंडित होने की जानकारी पर लोगो की भीड़ जुट गई ।लोगो ने बताया कि यहां एकांत होने के कारण रात में आए दिन अराजकतत्वों का जमावड़ा लगता है ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने बारीकी से निरीक्षण कर जनता के सहयोग से नई मूर्ति की स्थापना कराए जाने के साथ ही सीसीटीवी कैमरे लगवाने का आश्वासन दिया ।कोतवाली प्रभारी संदीप मिश्रा ने बताया कि शीघ्र ही अराजकतत्वों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# एक साल की रेप पीड़िता बच्ची के परिजनों को धमकी

## मकान का दरवाजा तोड़ने का आरोप, आरोपी जेल में, आरोपी के समर्थन में गांव पहुंच रहे नेता

अमन लेखनी समाचार




शाहजहांपुर , एक वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों को समझौते के लिए धमकाया जा रहा है। उनके घर के दरवाजे पर तोड़फोड़ भी की गई। गुरुवार को पीड़ित परिवार ने बताया कि गांव के लोग उनके उपर आरोपी गुड्डू के खिलाफ पैरवी नही करने का दबाव बना रहे हैं। यह प्रकरण खुटार थाना क्षेत्र का है ।9 जून को एक महिला अपने घर के बाहर बर्तन धो रही थी, तभी ट्रक चालक गुड्डू शर्मा उनके कमरे में घुस गया। उसने वहां खेल रही महिला की एक वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म किया। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर महिला कमरे में पहुंची और आरोपी को पकड़ने की कोशिश की, इस दौरान महिला ने आरोपी पर कई लाठी मारी थीं। लेकिन वह भाग निकला। उसी रात पुलिस ने आरोपी गुड्डू को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया था, जिसमें उसके दोनों पैरों में गोली लगी थी। घटना के दो दिन बाद, ग्राम प्रधान शोभित और उसके समर्थकों ने पुलिस कार्रवाई को गलत बताते हुए प्रदर्शन किया था। उन्होंने सड़क जाम कर दी और पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की की। भीड़ ने पुलिस जीप में तोड़फोड़ का भी प्रयास किया था, जिसके बाद पुलिस को लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर करना पड़ा ।उसी शाम प्रधान शोभित समेत कई ग्रामीणों के खिलाफ पुलिस पर हमला करने और सरकारी काम में बाधा डालने का मामला दर्ज किया गया था। अगले दिन तीन अन्य आरोपी पकड़े गए, लेकिन प्रधान शोभित फरार रहा। पीड़ित परिवार ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपी गुड्डू के पक्ष में कई ग्रामीण हैं, जो उन्हें पैरवी न करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दे रहे हैं। कई नेता गांल आकर आरोपी के परिवार से मिलकर उनकी पैरवी कर रहे हैं ।जबकि दुष्कर्म की घटना उनकी बेटी के साथ हुई है ।दो दिन पहले रात में किसी ने उनके घर का दरवाजा भी तोड़ दिया ।परिवार का कहना है कि अब उन्हें हर समय हमले का डर सता रहा है, गांव में रहने से डर लगने लगा है।

## सम्पादकीय

# नीटः सवाल शुचिता का ही नहीं, प्रतिष्ठा का भी

देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट एक बार फिर चर्चा के केंद्र में है। पिछले वर्ष पेपर लीक और परीक्षा प्रक्रिया पर उठे सवालों ने लाखों विद्यार्थियों और अभिभावकों का भरोसा झकझोर दिया था। यही कारण है कि इस बार होने वाले नीट री-एग्जाम को लेकर केंद्र सरकार और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) किसी भी प्रकार की चूक की गुंजाइश नहीं छोड़ना चाहते। इस परीक्षा की निष्पक्षता और विश्वसनीयता केवल लाखों छात्रों के भविष्य से ही नहीं जुड़ी है, बल्कि शुचिता के साथ सरकार की प्रतिष्ठा भी इससे दांव पर लगी हुई है। इसलिए इस बार सरकार कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती, जिससे इस परीक्षा की पवित्रता पर सवाल उठे या इसकी शुचिता प्रभावित हो। पहली बार इस परीक्षा के पेपर को केंद्र तक ले जाने के लिए वायुसेना के विमानों और हेलीकॉप्टर का प्रयोग होगा। इसके अलावा, सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। पेपर सेटिंग से लेकर परीक्षा केंद्र तक हर तरह की सुरक्षा पुख्ता की जा रही है। केंद्र सरकार ने एक कदम और आगे बढ़ाते हुए सोशल मीडिया पर भी शिकंजा कस दिया है और टेलीग्राम को भी परीक्षा तक प्रतिबंधित कर दिया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी कानून, 2000 की धारा 69ए के तहत टेलीग्राम पर रोक लगाई है। यह रोक 22 जून 2026 तक रहेगी। हालांकि आदेश कब से लागू होगा, इसकी तारीख नहीं दी गई है। नीट री-एग्जाम 21 जून को होगा। सरकार ने एग्जाम के बाद भी टेलीग्राम को अपना मैसेज एडिट फीचर 30 जून तक बंद रखने का निर्देश दिया है। यानी भारत में टेलीग्राम पर पहले से भेजे गए मैसेज 30 जून तक एडिट नहीं हो पाएंगे। असल में टेलीग्राम अपने उपभोक्ताओं को एक फीचर देता है, जिसमें पूर्व में किए गए मैसेज को एडिट किया जा सकता है। ऐसे में कुछ शरारती तत्व पूर्व में किए गए मैसेज को एडिट कर परीक्षा का पेपर जोड़ देते हैं और भ्रम फैलाते हैं कि पेपर पहले ही लीक हो चुका है। इससे परीक्षार्थियों की मुश्किलें बढ़ जाती हैं। लेकिन इस बार ऐसा न हो, इसलिए सरकार ने पहले ही टेलीग्राम पर रोक लगा दी है। इसके अलावा भी कई हैंडल बंद किए गए हैं और व्हाट्सएप समेत सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। परीक्षा से पहले और बाद में अफवाहों तथा फर्जी दावों को रोकना भी इस बार सुरक्षा रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। सरकार समझती है कि आज केवल पेपर लीक रोकना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि गलत सूचनाओं को फैलने से रोकना भी उतना ही जरूरी है। हालांकि जब तक परीक्षा नहीं हो जाती, तब तक सरकार की चिंता बढ़ी रहेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि परीक्षा के लिए कम से कम दस अलग-अलग प्रश्नपत्र सेट तैयार किए जाएं और कंप्यूटर आधारित रैंडम सिस्टम के जरिए अंतिम समय पर तय किया जाए कि किस केंद्र पर कौन-सा पेपर जाएगा। ऐसी व्यवस्था पेपर लीक करने वाले गिरोहों के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकती है। इसके साथ ही प्रश्नपत्रों की डिजिटल ट्रैकिंग, जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही और त्वरित जांच तंत्र को भी मजबूत किया जाना चाहिए। कुल मिलाकर नीट री-एग्जाम को लेकर इस शुचिता के साथ सरकार की प्रतिष्ठा भी दांव पर है। 21 जून को होने वाली परीक्षा निर्बाध और निर्विवाद रूप से संपन्न हो, इसके लिए पूरी तैयारी के साथ सरकार कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती।



शांति समझौता
राज कुमार सिन्हा

अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध विराम और शांति समझौता वैश्विक अर्थव्यवस्था, कूटनीति और मध्य-पूर्व की भू-राजनीति को गहराई से प्रभावित करेगी। होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल और गैस की निर्बाध आपूर्ति बहाल होने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तत्काल गिरावट आएगी, जिससे वैश्विक मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। समुद्री मार्ग के खुलने से अंतरराष्ट्रीय व्यापार और सप्लाई चेन की बाधाएं दूर होगी, जिससे एशियाई और यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं को आर्थिक स्थिरता मिलेगी। भारत, चीन और जापान जैसे बड़े तेल आयातक देशों को राजकोषीय घाटा कम करने और अपनी मुद्रा को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

# युद्ध विराम का सकारात्मक होगा प्रभाव

अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध विराम और शांति समझौता वैश्विक अर्थव्यवस्था, कूटनीति और मध्य-पूर्व की भू-राजनीति को गहराई से प्रभावित करेगी। होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल और गैस की निर्बाध आपूर्ति बहाल होने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तत्काल गिरावट आएगी, जिससे वैश्विक मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। समुद्री मार्ग के खुलने से अंतरराष्ट्रीय व्यापार और सप्लाई चेन की बाधाएं दूर होगी, जिससे एशियाई और यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं को आर्थिक स्थिरता मिलेगी। भारत, चीन और जापान जैसे बड़े तेल आयातक देशों को राजकोषीय घाटा कम करने और अपनी मुद्रा को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

भारत अपनी जरूरत का 80 फीसदी से अधिक कच्चा तेल आयात करता है। युद्ध विराम से अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमतें नीचे आएंगी, जिससे भारत का आयात बिल कम होगा और राजकोषीय घाटा नियंत्रित रहेगा। भारत का अधिकांश तेल और एलपीजी होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आता है। युद्ध विराम से इस समुद्री मार्ग पर हमलों का खतरा खत्म हो जाएगा, जिससे भारत को बिना किसी रुकावट के ईंधन की आपूर्ति होती रहेगी। फारस की खाड़ी में तनाव कम होने से जहाजों का बीमा प्रीमियम घटेगा। इससे भारतीय तेल कंपनियों की लॉजिस्टिक्स लागत कम होगी और देश में पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर रखने में मदद मिलेगी। यदि इस युद्ध विराम के बाद भविष्य में ईरान पर लगे अमेरिकी प्रतिबंध पूरी तरह हटते हैं, तो भारत दोबारा ईरान से सस्ते और रियायती दरों पर कच्चे तेल का आयात शुरू कर सकता है, जो भारत के लिए एक बड़ा रणनीतिक फायदा होगा। 26 अप्रैल 2026 को भारत के लिए अमेरिकी प्रतिबंधों के समाप्त होने के बाद से चाबहार बंदरगाह प्रोजेक्ट गहरे संकट में था। इस नए युद्ध विराम समझौते से भारत के लिए नई उम्मीदें जगी है। प्रतिबंधों की अवधि खत्म होने के बाद भारत ने वहां से अपने कुछ कर्मचारी हटा लिए थे और अपने निवेश को सुरक्षित करने के लिए 'वेट एंड वॉच' की नीति अपनाई थी। युद्ध विराम के बाद भारत इस रणनीतिक बंदरगाह पर कार्गो संचालन को फिर से पूरी तरह शुरू करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। चाबहार बंदरगाह पाकिस्तान को बाईपास करके अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंचने का भारत को सीधा रास्ता देता है। शांति समझौते के कारण समुद्री मार्गों पर तनाव खत्म होने से भारत का यह महत्वाकांक्षी व्यापारिक कॉरिडोर एक बार फिर सुरक्षित और सक्रिय हो जाएगा। भारत को मध्य एशिया और अफगानिस्तान तक पहुंचने के लिए पाकिस्तान के जमीनी रास्ते की जरूरत नहीं रहेगी। मुंबई या कंडला बंदरगाह से सामान सीधे ओमान की खाड़ी के रास्ते ईरान के चाबहार बंदरगाह पहुंचेगा, जिससे दूरी और समय दोनों में भारी बचत होगी। चाबहार बंदरगाह को इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर से जोड़ा जा रहा है। इसके जरिए भारतीय सामान ईरान के रेलवे नेटवर्क का उपयोग करके कैस्पियन सागर और वहां से सीधे रूस व यूरोप तक पहुंच सकेगा।

यह मार्ग पारंपरिक स्वेज नहर मार्ग की तुलना में 30 फिसदी सस्ता और 40 प्रतिशत तेजी से पहुंचेगा। संघर्ष विराम से पूरे खाड़ी क्षेत्र में तनाव कम होगा, जिससे व्यापक युद्ध की आशंका टलेगी। लेबनान, यमन



और इराक जैसे देशों में परोक्ष युद्धों के थमने की संभावनाएं बनेगी। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश इस युद्ध विराम का स्वागत किया है क्योंकि उनका ध्यान अपनी अर्थव्यवस्थाओं पर है, जिसके लिए क्षेत्रीय शांति अनिवार्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका- ईरान में जंग खत्म करने पर बनी सहमति का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि जंग से दुनिया भर में गंभीर आर्थिक परेशानी पैदा हुई है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने मांग की है कि इस शांति काल का उपयोग संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में बिना किसी बाधा के मानवीय सहायता, भोजन और चिकित्सा आपूर्ति पहुंचाने के लिए किया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सभी क्षेत्रीय देशों से संयम बरतने और अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानूनों का सम्मान करने की अपील की है ताकि वैश्विक व्यापारिक जहाज सुरक्षित आ-जा सकें। संयुक्त राष्ट्र ने दोनों पक्षों से आग्रह किया है कि वे इस अस्थायी युद्ध विराम का उपयोग एक दीर्घकालिक और स्थायी राजनयिक समाधान खोजने के लिए करें। आगामी 19 जून को 60 दिनों के अस्थायी युद्ध विराम को एक स्थायी अंतरराष्ट्रीय संधि में बदलने के लिए स्विट्जरलैंड में एक उच्च स्तरीय शिखर सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसमें अमेरिका और यूरोपीय संघ का मुख्य उद्देश्य ईरान के यूरेनियम संवर्धन को परमाणु हथियार बनाने के स्तर से बहुत नीचे लाना है। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के निरीक्षकों को ईरान के सभी परमाणु केंद्रों तक बिना किसी बाधा के सीधी पहुंच देने पर बात होगी। वार्ता का एक बड़ा हिस्सा इस बात पर केंद्रित होगा कि ईरान लेबनान में हिज्बुल्लाह, यमन में हुती विद्रोहियों और इराक एवं सीरिया के सशस्त्र समूहों को वित्तीय और सैन्य सहायता देना पूरी तरह बंद करे। इसके बदले में ही इजराइल की सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित की जाएगी। अमेरिका ईरान के लंबी दूरी के मिसाइल विकास और ड्रोन तकनीक के निर्यात पर कड़े अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध लगाने की मांग करेगा, जिसका इस्तेमाल हालिया संघर्षों में हुआ था। यदि ईरान ऊपर दी गई शर्तों को चरणबद्ध तरीके से मानता है, तो अमेरिका ईरान के तेल और बैंकिंग क्षेत्रों पर लगे कड़े आर्थिक प्रतिबंधों को हमेशा के लिए हटाने का एक टाइमलाइन जारी करेगा।

वार्ता की शुरुआत में ही अमेरिका ईरान करीब 1.25 लाख करोड़ की संपत्ति को डीफ्रीज करेगा। साथ ही, खाड़ी देशों के सहयोग से ईरान के पुनर्निर्माण के लिए प्रस्तावित 300 अरब डॉलर के फंड को औपचारिक रूप दिया जाएगा। यदि ऐसा संभव हो सका, तो यह समझौता केवल एक युद्ध को रोकने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि 21वीं सदी में सहयोग, संवाद और साझा सुरक्षा पर आधारित नई वैश्विक व्यवस्था की नींव रखने वाला ऐतिहासिक पड़ाव बन सकता है। अतः अमेरिका और ईरान के बीच हुआ युद्धविराम केवल दो देशों के बीच तनाव कम होने की घटना नहीं है, बल्कि यह वैश्विक शक्ति संतुलन, ऊर्जा सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय व्यापार व्यवस्था को पुनर्परिभाषित करने वाला महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक मोड़ साबित हो सकता है। इस पूरी प्रक्रिया की सफलता कई चुनौतियों पर निर्भर करेगी। विशेष रूप से इजरायल का आक्रामक रुख इस शांति प्रक्रिया को कभी भी अस्थिर कर सकता है। इसलिए केवल युद्धविराम पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि सभी पक्षों को पारस्परिक विश्वास, कूटनीतिक धैर्य और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के आधार पर दीर्घकालिक समाधान विकसित करना होगा। यदि ऐसा संभव हो सका, तो यह समझौता केवल एक युद्ध को रोकने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि 21वीं सदी में सहयोग, संवाद और साझा सुरक्षा पर आधारित नई वैश्विक व्यवस्था की नींव रखने वाला ऐतिहासिक पड़ाव बन सकता है।

## जयंती विशेष
श्वेता गोयल



# भारतीय आत्मा के प्रहरी भी थे महाराणा प्रताप

हमारे देश में अनेक महापुरुष हुए हैं, लेकिन महाराणा प्रताप का स्थान सर्वाधिक विशिष्ट है क्योंकि उन्होंने न केवल एक शक्तिशाली साम्राज्य से टक्कर ली बल्कि अपने नैतिक मूल्यों और सिद्धांतों को भी सुरक्षित रखा। वे भारत की उस आत्मा के प्रतीक हैं, जो कभी पराजित नहीं होती, चाहे परिस्थितियां कितनी भी विपरीत क्यों न हों। महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास की वह महान विभूति हैं, जिनकी वीरता, स्वाभिमान, आत्मबल और मातृभूमि-प्रेम की गाथाएं आज भी जनमानस में प्रेरणा का स्रोत हैं। वे केवल एक राजा नहीं थे बल्कि भारतवर्ष की उस सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक बन गए थे, जो अन्याय, दमन और पराधीनता के विरुद्ध अनवरत संघर्ष करती रही। हिंदू पंचांग के अनुसार, महाराणा प्रताप का जन्म ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को पुष्य नक्षत्र में हुआ था। इस साल यह तिथि 17 जून को है। महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को कुम्भलगढ़ दुर्ग में हुआ था। वे मेवाड़ के शिशोदिया वंश के राजा महाराणा उदयसिंह द्वितीय और माता जयवंता बाई के पुत्र थे। बचपन से ही प्रताप में अद्भुत साहस, आत्मबल और परिश्रम की भावना देखने को मिलती थी। उनका जीवन उस समय की भारतीय राजनीतिक परिस्थितियों से गहराई से जुड़ा हुआ था, जब मुगल साम्राज्य अपने विस्तार के चरम पर था और अधिकांश राजाओं ने अकबर की अधीनता स्वीकार कर ली थी, किंतु प्रताप ने न केवल मुगलों की अधीनता अस्वीकार की, बल्कि अपने प्राणों की बाजी लगाकर भी स्वतंत्रता की रक्षा की। यही वह अद्वितीय साहस था, जिसने उन्हें इतिहास में अमर बना दिया। महाराणा प्रताप का संपूर्ण जीवन एक युद्धभूमि



जैसा था, जिसमें उन्होंने कभी समझौता नहीं किया। महाराणा प्रताप के जीवन की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि उन्होंने कभी भी सुविधा और विलासिता के आगे घुटने नहीं टेके। जब वे अपने परिवार और थोड़े से विश्वासपात्रों के साथ अरावली के घने जंगलों में निर्वासित जीवन जी रहे थे, तब भी उनका मनोबल नहीं डगमगाया। उन्होंने जंगलों की छांव में रहकर, सूखी रोटियां खाकर, कठिन जीवन जीते हुए भी स्वतंत्रता के लिए संघर्ष जारी रखा।

प्रताप के संघर्ष की सबसे प्रसिद्ध घटना हल्दी घाटी का युद्ध है, जो 18 जून 1576 को मेवाड़ और मुगल सेना के बीच लड़ा गया। वह युद्ध सामरिक दृष्टि से भले ही निर्णायक न रहा हो लेकिन भारतीय इतिहास का ऐसा अध्याय बन गया, जो वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बन गया। उस युद्ध में महाराणा प्रताप के पास सीमित संसाधन, कम सैन्य बल और कमजोर युद्ध सामग्री थी जबकि अकबर की ओर से आमेर का राजा मान सिंह एक विशाल मुगल सेना के साथ मैदान में उतरा था। फिर भी प्रताप ने वह युद्ध वीरता से लड़ा और अपनी सेना के साथ अंत तक डटे रहे। यद्यपि उन्हें युद्धभूमि छोड़नी पड़ी, परंतु वह पराजय नहीं थी बल्कि एक रणनीतिक वापसी थी, जो भविष्य के लिए साहस और दृढ़ निश्चय का बीज बो गई। उस युद्ध में महाराणा प्रताप के प्रिय घोड़े चेतक की भूमिका भी अत्यंत प्रेरणादायक रही। चेतक ने अपने स्वामी की रक्षा के लिए प्राण त्याग दिए, किंतु उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया। प्रताप ने मेवाड़ को फिर से संगठित किया और एक बार फिर से दुर्गों पर अधिकार किया। चावंड को अपनी नई राजधानी बनाया और वहीं से मुगलों के विरुद्ध संग्राम का संचालन करते रहे। उनका यह पुनर्निर्माणकाल दर्शाता है कि पराजय के बाद भी यदि मनोबल जीवित हो तो विजय निश्चित है। महाराणा प्रताप का निधन 19 जनवरी 1597 को हुआ। उनके जीवन का अंतिम काल भी साधना, संगठन और संघर्ष से भरा रहा। उन्होंने अंतिम सांस तक अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया और न ही कभी मुगलों की अधीनता स्वीकार की। उनका जीवन दर्शाता है कि वीरता केवल तलवार से नहीं, बल्कि आत्मबल, सिद्धांतों के प्रति निष्ठा और राष्ट्रप्रेम से होती है। आज जब हम महाराणा प्रताप को स्मरण कर रहे हैं

# गावत संतत संभु भवानी



संकलित
**दर्शन**

शिव वो हैं, जो सब कुछ सहजता के साथ लेते हैं। शिव भक्ति का एक अर्थ यह भी है कि सब कुछ सहजता के साथ किया जाए और सब कुछ सहजता के साथ लिया जाए। व्यक्ति मुस्कुराए तो सहजता के साथ और रोये तो भी सहजता के साथ। भगवान शिव इतने सहज हैं कि देवों के देव होने के बावजूद वो नाचते भी हैं, गाते भी हैं, मुस्कुराते भी हैं। जैसे महाभारत में कृष्ण ने गीता गाई, तुलसीदास श्रीरामचरितमानस गाते हैं, वैसे ही भगवान शिव भी गाते हैं। भगवान शिव ने माथे पर वक्रचंद्र को धारण किया है। यह एक संकेत है कि तुम में चाहे कितनी ही वक्रता हो, मैं तुम्हें स्वीकार कर लूंगा। सब कुछ स्वीकार कर लेना बहुत बड़ी बात होती है। कोई कैसा भी हो, उसे स्वीकार कर लिया जाए। हम स्वीकार करने के बजाय दूसरों को सुधारने में लग जाते हैं और यह काम कभी हो नहीं पाता। इससे अकारण ही संघर्ष पैदा होता है। शिव सहज भी हैं और सबको स्वीकार भी करते हैं, साथ ही उनमें संतोष भी है। सावन के इन दिनों में शिव की भक्ति करते हुए हम उनकी तरह संतोषी बनना भी सीखें। मैं हमेशा कहता हूं कि व्यक्ति को कर्मशील होना चाहिए, प्रमादी नहीं। शास्त्रों में प्रमाद को मृत्यु बताया गया है। लेकिन शिवजी की तरह संतुलन रखना भी हमें आना चाहिए। शिव परिवार में वाहन के रूप में मोर भी है, चूहा भी है, बैल भी है और शेर भी है। सांप भी शिव के साथ रहते हैं। ये सब एक-दूसरे के शत्रु हैं, लेकिन परिवार में सब मिल-जुल कर रहते हैं। सबके बीच संतुलन बनाकर भगवान महादेव चलते हैं।

# हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो



संकलित
**प्रेरणा**

एक वृद्ध महिला एक सब्जी की दुकान पर जाती है, उसके पास सब्जी खरीदने के पैसे नहीं होते है। वो दुकानदार से प्रार्थना करती है कि उसे सब्जी उधार दे दे पर दुकानदार मना कर देता है। उसके बार-बार आग्रह करने पर दुकानदार खीज कर कहता है, तुम्हारे पास कुछ ऐसा है, जिसकी कोई कीमत हो, तो उसे इस तराजू पर रख दो, मैं उसके वजन के बराबर सब्जी तुम्हे दे दूंगा। वृद्ध महिला कुछ देर सोच में पड़ जाती है। क्योंकि उसके पास ऐसा कुछ भी नहीं था। कुछ देर सोचने के बाद वह, एक मुड़ा-तुड़ा कागज का टुकड़ा निकालती है और उस पर कुछ लिख कर तराजू पर रख देती है। दुकानदार ये देख कर हंसने लगता है। फिर भी वह थोड़ी सब्जी उठाकर तराजू पर रखता है। आश्चर्य..!!! कागज वाला पलड़ा नीचे रहता है और सब्जी वाला ऊपर उठ जाता है। इस तरह वो और सब्जी रखता जाता है पर कागज वाला पलड़ा नीचे नहीं होता। तंग आकर दुकानदार उस कागज को उठा कर पढ़ता है और हैरान रह जाता है। कागज पर लिखा था, हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो, अब सब कुछ तुम्हारे हाथ में है। दुकानदार को अपनी आँखों पर यकीन नहीं हो रहा था। वो उतनी सब्जी वृद्ध महिला को दे देता है। पास खड़ा एक अन्य ग्राहक दुकानदार को समझाता है, कि दोस्त, आश्चर्य मत करो। केवल श्री कृष्ण ही जानते हैं की प्रार्थना का क्या मोल होता है। वास्तव में प्रार्थना में बहुत शक्ति होती है। चाहे वो एक घंटे की हो या एक मिनट की।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ऊर्जा क्रांति की नई पारदर्शी शुरुआत

दुनिया तेजी से स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ रही है और इसी दिशा में सिंगापुर की एक यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने ऐसी अल्ट्रा-थिन सोलर सेल विकसित की है, जो आने वाले वर्षों में ऊर्जा उत्पादन की पूरी तस्वीर बदल सकती है। यह तकनीक इतनी पतली है कि इनसान के बाल के 10,000वें हिस्से जितनी मोटाई में भी बिजली पैदा कर सकती है। खास बात यह है कि यह सोलर सेल पारदर्शी और रंगहीन है, इसलिए इसे खिड़कियों, कारों की विंडशील्ड, मोबाइल स्क्रीन, स्मार्ट ग्लास और ऊंची इमारतों के कांच पर आसानी से लगाया जा सकता है। अब तक सोलर ऊर्जा का मतलब बड़े और भारी पैनल माने जाते थे, जिन्हें छतों पर लगाने के लिए पर्याप्त जगह चाहिए होती है। नई तकनीक 'बिल्डिंग इंटीग्रेटेड फोटोवोल्टिक' अवधारणा को नई गति दे सकती है।

*- सुधीर ढांडा, कुरुक्षेत्र*

## ट्रेंड

### गर्व का क्षण



भारत के लिए गर्व का क्षण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्लोवाकिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ द व्हाइट डबल क्रॉस (फर्स्ट क्लास)' से सम्मानित किया गया है।
- **नितिन गडकरी,** केंद्रीय राजमार्ग मंत्री

### सपनों पर चोट



आज इस देश में, कड़ी मेहनत का फल नहीं मिलता, बल्कि सपने देखने की हिम्मत करने पर सजा मिलती है। हर पेपर लीक, हर रद्द परीक्षा, हर रुकी हुई भर्ती - ये सिर्फ सिस्टम की नाकामी नहीं है, बल्कि लाखों लोगों के सपनों पर चोट है।
- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### ऐतिहासिक उपलब्धि



एक समय था जब अवैध शिकार की घटनाएं अखबारों की सुर्खियां बनती थी, और आज स्थिति यह है कि शिकार का एक भी मामला न होना सामान्य बात बन गई है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि असम द्वारा किए गए अथक प्रयासों का प्रमाण है।
- **हिमंत बिस्व शर्मा,** सीएम, असम

### बेरोजगारी दर



मई के महीने में देश में बेरोजगारी दर 5.5 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो पिछले 11 महीनों में सबसे ज्यादा है। यह देश भर में संगठित और असंगठित क्षेत्रों में काम की तलाश कर रहे लोगों के लिए बुरी खबर है। मध्य प्रदेश जैसे राज्यों पर इसका सबसे बुरा असर पड़ेगा।
- **कमलनाथ,** पूर्व सीएम, मध्यप्रदेश

## करंट अफेयर

# शिकागो में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण

अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने शिकागो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास परिसर में स्वामी विवेकानंद की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। स्वामी विवेकानंद एक महान दार्शनिक, चिंतक और आध्यात्मिक नेता थे। उन्होंने वेदांत और योग के संदेश को विश्वभर में पहुंचाया। अमेरिका में उन्हें विशेष रूप से वर्ष 1893 में शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद में दिए गए ऐतिहासिक और प्रेरणादायी संबोधन के लिए याद किया जाता है।



## ऑफ बीट

# टीएनटी जितना शक्तिशाली होता है उल्काओं का 'सोनिक बूम'

पृथ्वी जिस अंतरिक्षीय वातावरण में स्थित है, वह पूरी तरह शांत नहीं है। वैज्ञानिकों के अनुसार हमारा ग्रह सौरमंडल के निर्माण के समय से बचे असंख्य



पथरीले और धात्विक मलबे के बीच से लगातार गुजरता है। अधिकांश छोटे कण पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करते ही जलकर समाप्त हो जाते हैं और रात के आकाश में चमकते टूटते तारे के रूप में दिखाई देते हैं। लेकिन कभी-कभी बड़े या तेज गति से आने वाले पिंड के वायुमंडल में प्रवेश करते ही विस्फोट, तेज चमक और सोनिक बूम जैसी घटनाएं होती हैं, जो लोगों को चौंका देती है। उल्का का सोनिक बूम वह तेज धमाके जैसी आवाज़ होती है, जो तब सुनाई देती है

## संक्षेप

### फंदे से लटका मिला युवक का शव

**कमरौली में संदिग्ध मौत, पुलिस जांच में जुटी**

अमेठी , जगदीशपुर स्थित कमरौली थाना क्षेत्र के कमरौली गांव में बुधवार सुबह एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान राहुल वर्मा ( 29 ) पुत्र स्वर्गीय राम कुमार निवासी कमरौली गांव के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, बुधवार सुबह करीब छह बजे राहुल का शव फंदे से लटका मिला। इसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी ।सूचना मिलते ही कमरौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।थाना प्रभारी मुकेश पटेल ने बताया कि युवक का शव फंदे से लटका मिला था। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही चल सकेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। फिलहाल घटना के कारणों को लेकर स्पष्टस्थिति सामने नहीं आई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने और जांच पूरी होने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### चार दिवसीय विकास प्रदर्शनी शुरू

**डीएम संजय चौहान ने किया उद्घाटन, केंद्र-राज्य की योजनाएं प्रदर्शित की गई**

अमेठी , डीपीआरसी गौरीगंज में चार दिवसीय विकास प्रदर्शनी शुरू हो गई है। केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. और मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू ने फीता काटकर किया। यह प्रदर्शनी 17 से 20 जून 2026 तक चलेगी। प्रदर्शनी में केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं, एक्सप्रेस-वे, औद्योगिक कॉरिडोर, डिजिटल गवर्नेंस और धार्मिक स्थलों के पुनर्विकास को प्रदर्शित किया गया है। इसमें युवा, महिला, किसान और गरीब कल्याण पर केंद्रित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए हैं। युवा, महिला, किसान, गरीब और वंचित वर्ग के लिए संचालित योजनाओं को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। एक्सप्रेस-वे, औद्योगिक कॉरिडोर, हरित ऊर्जा, डिजिटल गवर्नेंस और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाले कार्यक्रमों को भी प्रमुखता से दर्शाया गया है। अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम और महाकुंभ प्रयागराज सहित प्रदेश के धार्मिक-सांस्कृतिक स्थलों के सौंदर्यीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया गया है ।महिला सुरक्षा, पुलिस आधुनिकीकरण और 'विकसित उत्तर प्रदेश-2047' विजन से संबंधित जानकारी भी आगंतुकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के कटआउट के साथ सेल्फी पॉइंट भी बनाए गए हैं खादी-ग्रामोद्योग, उद्योग, स्वास्थ्य, कृषि, बाल विकास, एनआरएलएम, समाज कल्याण, मत्स्य, वन और पशुपालन जैसे विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए हैं।

# रालोद महासचिव अनिल दुबे का चित्रकूट में हुआ भव्य स्वागत

**अमन लेखनी समाचार**



चित्रकूट 20 जून ।राष्ट्रीय लोक दल के महासचिव अनिल दुबे के आज चित्रकूट आगमन पर राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकताओं और सामाजिक संगठनों द्वारा आज भरत कूप पर जोरदार स्वागत अभिनंदन किया गया उनके चित्रकूट आगमन पर बड़ी संख्या में लोगों ने पूर्व विधायक दिनेश प्रसाद मिश्रा के नेतृत्व में उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया।

इस अवसर पर कार्यकर्ता जयंत चौधरी जिंदाबाद राष्ट्रीय लोकदल जिंदाबाद, अनिल दुबे तथा दिनेश मिश्रा जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे इसके पश्चात श्री दुबे ने दिनेश प्रसाद मिश्रा आवास पर कार्यकताओं के साथ बैठक की व पत्रकारों से बातचीत की।

उन्होंने कहा कि पार्टी 2027 में उत्तर प्रदेश में पुनः एनडीए की सरकार को बनाने के लिए गांव-गांव नगर नगर अभियान चलाकर सरकार की कल्याणकारी नीतियों को जनता तक पहुंचा रही है।एक प्रश्न के उत्तर में श्री दुबे ने कहा कि उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन नाम की कोई चीज नहीं है और जो है भी उसे जनता का समर्थन प्राप्त नहीं है उत्तर प्रदेश में कानून का राज है और रात के 12:00 बजे महिलाओं और बच्चे निर्भीक होकर सड़कों में आ जा रहे हैं जबकि विपक्ष की सरकार में ऐसा नहीं था उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में किसानों को उनके उपज का लाभकारी मूल्य मिल रहा है और उन्हें समय पर फसलों का भुगतान भी मिल रहा है यही कारण है कि राष्ट्रीय लोकदल ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सभाओं और रैलियां की श्रृंखला शुरू की है उसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर 2027 में पुनः एनडीए को सत्ता में लाने का संकल्प ले रहे है ।

इस अवसर पर कृष्ण कुमार पाण्डेय राजा बकटा , नवल सिंह चंदेल , आदर्श मिश्रा , सचिन त्रिपाठी, कमलेश जायसवाल, आसाराम कुशवाहा, हर्ष गुप्ता , शशिकांत त्रिपाठी अन्य सहयोगी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नवागत खंड विकास अधिकारी नवाबगंज से मिले समिति पदाधिकारी

## विभिन्न क्षेत्रीय समस्यायों पर की चर्चा, मांगा सहयोग

**अमन लेखनी समाचार**



बहराइच। जनपद बहराइच के विकास खंड नवाबगंज के नवागत खंड विकास अधिकारी दीपेंद्र पाण्डेय से शुक्रवार को आदर्श समाज सेवा समिति के पदाधिकारियों ने उनके कार्यालय पहुंचकर औपचारिक मुलाकात किया ।समिति अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार संतोष मिश्रा के नेतृत्व मे पदाधिकारियों ने बीडीओ नवाबगंज दीपेंद्र पाण्डेय को डायरी, पेन व अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। तत्पश्चात विभिन्न क्षेत्रीय समस्यायों पर बीडीओ संग विस्तृत चर्चा भी हुई। नशा उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण, महिला जागरूकता जैसे चलाये जा रहे समिति के कई अभियानों मे नवागत बीडीओ ने सहयोग का पूर्ण आश्वासन भी दिया। इस मौके पर समिति संगठन मंत्री बद्री सिंह, विधिक सलाहकार प्रतिनिधि नंदकिशोर वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष रामदीन गौतम सहित राम सूरत वर्मा, उमेश गौतम, रामबरन वर्मा, राजेश गौतम, शाहिद हुसैन आदि मौजूद रहे।

# मुहर्रम शांतिपूर्ण संपन्न कराने को डीएम-एसपी ने की बैठक

**अधिकारियों, धर्मगुरुओं और नागरिकों के साथ हुई पीस कमेटी की मीटिंग**

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी , प्रशासन ने आगामी मुहर्रम त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिलाधिकारी संजय चौहान और पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों, धर्मगुरुओं और जनपद के प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ संयुक्त पीस कमेटी की बैठक की ।बैठक में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, आपसी भाईचारे को मजबूत करने और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष, विभिन्न संप्रदायों के धर्मगुरु उपस्थित रहे। जिलाधिकारी संजय चौहान ने अपील की कि मुहर्रम शांति का संदेश देता है, इसलिए लोग अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि ताजिया केवल निर्धारित पुराने मार्गों से ही निकाले जाएं और किसी नई परंपरा की अनुमति नहीं होगी। डीएम ने धर्मगुरुओं और नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी भी भ्रामक सूचना या अफवाह की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें। डीएम ने सभी उपजिलाधिकारियों और पुलिस क्षेत्राधिकारियों को अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमण करने और स्थानीय लोगों से संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए।

# लेखपाल-कानूनगो पर फर्जी वरासत दर्ज करने का आरोप

## एसडीएम बोले- पूर्व में खारिज मामले में हुई कार्रवाई की जांच जारी

**अमन लेखनी समाचार**



सुल्तानपुर ,लेखपाल और कानूनगो पर फर्जी तरीके से वरासत दर्ज करने का गंभीर आरोप लगा है। यह मामला तब सामने आया जब सक्षम न्यायालयों द्वारा पहले ही खारिज किए जा चुके एक प्रकरण में नियमों का उल्लंघन कर नई वरासत दर्ज की गई। इस संबंध में जिलाधिकारी से शिकायत की गई है और मामले की जांच जारी है। अधिवक्ता जयंत कुमार सिंह ने बताया कि यह पूरा प्रकरण करौंदिया क्षेत्र से संबंधित है। ताहिर नामक व्यक्ति की मृत्यु के बाद उनके वारिसों ने ऑनलाइन वरासत के लिए आवेदन किया था। उस समय तत्कालीन लेखपाल अखंड सिंह ने अपर जिलाधिकारी न्यायालय में विचाराधीन मुकदमे और स्थगन आदेश का हवाला देते हुए वरासत को निरस्त कर दिया था। इसके बाद, विपक्षी पक्ष ने नायब तहसीलदार नगर और फिर एसडीएम न्यायालय में अपील की, लेकिन दोनों ही न्यायालयों से उनकी अपील खारिज कर दी गई थी। अधिवक्ता जयंत कुमार सिंह का आरोप है कि अदालतों से मामला खारिज होने के बावजूद, इसी वर्ष फरवरी महीने में लेखपाल सर्वेंद्र पटेल और कानूनगो रामपाल मिश्रा ने नियमों के विपरीत जाकर कूट रचित तरीके से आरसी प्रपत्र-11 के तहत वरासत दर्ज कर दी। अधिवक्ता ने इसे पूरी तरह से नियम विरुद्ध और गुमराह करके किया गया कार्य बताया ।अधिवक्ता ने यह भी दावा किया कि आरोपी लेखपाल पूर्व में भी इसी तरह के कृत्यों के कारण निलंबित हो चुके हैं और बहाल होने के बाद दोबारा उसी क्षेत्र में कार्यरत हैं। उन्होंने इस संबंध में जिलाधिकारी और तहसील दिवस में भी शिकायत दर्ज कराई थी। एसडीएम उत्तम तिवारी ने इस पर तहसीलदार को जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए थे। अधिवक्ता ने नियम विरुद्ध दर्ज की गई वरासत को तत्काल निरस्त करने और दोषी लेखपाल व कानूनगो के खिलाफ दंडात्मक एवं विभागीय वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। वहीं, एसडीएम उत्तम तिवारी ने कहा है कि मामले की जांच कराई जा रही है और दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध बसों पर परिवहन विभाग की कार्रवाई

**ऑनलाइन बुकिंग से चल रही 4 बसें सीज, 9 का चालान**

**अमन लेखनी समाचार**

सुलतानपुर ,परिवहन विभाग ने अवैध रूप से संचालित हो रही बसों के खिलाफ एक बड़ा अभियान चलाया। ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट का दुरुपयोग कर ऑनलाइन ऐप्स के माध्यम से सीट बुकिंग कर नियमों का उल्लंघन करने वाली 4 बसों को सीज किया गया, जबकि 9 बसों का चालान किया गया। विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ बस संचालक 'रेड बस', 'मेक माई ट्रिप', 'अभि बस', 'पेटीएम' और 'इज माई ट्रिप' जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के जरिए सीटवार बुकिंग कर रहे हैं ।ये टूरिस्ट बसें नियमों के खिलाफ जाकर 'स्टेज कैरिज' यानी सामान्य रूट बसों की तरह चलाई जा रही थीं ।इस धांधली को रोकने के लिए सुलतानपुर की प्रवर्तन टीम ने जिले के प्रमुख स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। यह अभियान लोहरामऊ बाईपास, पयागीपुर चौराहा, अमहट चौराहा, गुप्तारगंज और सेमरी जैसे क्षेत्रों में केंद्रित था। इस कार्रवाई के दौरान टीम ने परमिट शर्तों का उल्लंघन करने पर 04 बसों को तत्काल प्रभाव से निरुद्ध ( सीज ) कर दिया। इसके अतिरिक्त, 09 बसों के खिलाफ चालान की सख्त कार्रवाई की गई। मोटर वाहन अधिनियम और केंद्रीय मोटरयान नियमावली के तहत 15 अन्य वाहनों के भी चालान काटे गए। इस एक दिवसीय अभियान के दौरान परिवहन टीम ने सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता भी फैलाई बस चालकों को सुरक्षित गाड़ी चलाने की काउंसलिंग दी गई।




# बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही

**भेटुआ में जर्जर एलटी लाइन का तार टूटने से किसान की भैंस की मौत, दो साल से अनसुनी कर रहे थे शिकायतें**

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी , विद्युत विभाग की कथित लापरवाही के कारण एक पशुपालक किसान को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। भोर करीब साढ़े पांच बजे टिकरी ग्राम पंचायत के श्री का पुरवा गांव में एलटी लाइन का तार टूटकर एक पड़िया ( भैंस ) पर गिर गया, जिससे करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है ।जानकारी के अनुसार, श्री का पुरवा निवासी पशुपालक किसान काशी गुप्ता की पड़िया( भैंस ) घर के पास खेत में चर रही थी। इसी दौरान ऊपर से गुजर रहा एलटी लाइन का तार अचानक टूटकर भैंस पर गिर गया। करंट की चपेट में आने से भैंस की मौके पर ही मौत हो गई, जिससे किसान काशी गुप्ता को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह हादसा विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण हुआ है। प्रधान प्रतिनिधि राम करन यादव, जग नारायण और दुर्गा गुप्ता समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर से करीब सौ मीटर की दूरी पर लगाए गए पोल और जर्जर एलटी लाइन को लेकर वे पिछले दो वर्षों से विभागीय अधिकारियों से शिकायत कर रहे थे। ग्रामीणों ने कई बार एलटी लाइन की केबलिंग कराने और मानक के अनुरूप नया पोल स्थापित करने की मांग भी उठाई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे राजस्व कर्मियों ने घटना की जानकारी जुटाई। इस संबंध में लेखपाल अंगद ने बताया कि मृत भैंस की टैगिंग नहीं हुई थी, इसलिए वर्तमान नियमों के अनुसार किसी प्रकार की सरकारी सहायता मिल पाना संभव नहीं है। उधर, विद्युत उपकेंद्र भेटुआ के प्रभारी अवर अभियंता कन्हैया लाल कनौजिया ने घटना को दुखद बताते हुए कहा कि तार टूटने के कारणों की जांच कराई जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि ग्रामीणों की ओर से उठाई गई मांगों की सूचना मुख्यालय को भेजी जा चुकी है और स्वीकृति प्राप्त होते ही आवश्यक कार्य कराया जाएगा। ग्रामीणों ने विभाग से मृत पशु के स्वामी को उचित मुआवजा देने और जर्जर विद्युत लाइन को तत्काल दुरुस्त कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# 20 रुपए ज्यादा लेने पर 10 लाख का जुर्माना लगा

## अलीगढ़ में 340 की सिगरेट 360 में बेची, कोर्ट ने दुकानदार-कंपनी पर कार्रवाई की

**अमन लेखनी समाचार**




अलीगढ़, यूपी के अलीगढ़ में सिगरेट के पैकेट में 20 रुपए ज्यादा लेने पर दुकानदार और सिगरेट बनाने वाली कंपनी पर 10 लाख का जुमार्ना लगा है। दुकानदार ने सिगरेट पैकेट पर 340 रुपए लिखा था, फिर भी 360 रुपए ले लिए थे। ग्राहक ने दुकानदार को ऑनलाइन पेमेंट किया, फिर उसने पेमेंट का प्रिंट आउट निकालकर उपभोक्ता फोरम कोर्ट में शिकायत कर दी। उपभोक्ता फोरम कोर्ट ने 5 महीने बाद फैसला सुनाया। कंपनी ने तर्क दिया कि दुकानदार उसका वेंडर नहीं है, इसलिए कालाबाजारी के लिए कंपनी जिम्मेदार नहीं है। कोर्ट ने इस दलील को खारिज कर दिया। कहा- कंपनियां अपने प्रोडक्ट की आड़ में हो रही कालाबाजारी से पल्ला नहीं झाड़ सकतीं। यह आम जनता के साथ छिपी हुई लूट है ।कोर्ट ने इसे व्यापार करने का गलत तरीका मानते हुए दुकानदार और कंपनी पर 10 लाख का जुमार्ना लगाया। इसके अलावा, कोर्ट ने कहा- पीड़ित से वसूले गए अतिरिक्त 20 रुपए 18% वार्षिक ब्याज के साथ वापस किए जाएं। साथ ही मानसिक प्रताड़ना के एवज में 5,000 रुपए का मुआवजा और अदालती खर्च के रूप में 5,000 रुपए दिए जाएं। अलीगढ़ जिला उपभोक्ता आयोग के ठीक सामने प्रतिभा कॉलोनी के रहने वाले हीरा लाल वार्ष्णेय की दुकान है। बन्ना देवी थाना क्षेत्र के रघुवीरपुरी इलाके में रहने वाले वकील देवेश गौतम ने जनवरी के आखिरी हफ्ते में हीरा लाल से सिगरेट का पैकेट खरीदा। पैकेट पर अधिकतम खुदरा मूल्य 340 रुपए लिखा था, लेकिन दुकानदार ने 360 रुपए मांगे ।देवेश ने जब इसका विरोध किया तो दुकानदार बहस करने लगा और सिगरेट देने से मना कर दिया ।इसके बाद देवेश ने ऑनलाइन 360 रुपए का पेमेंट किया। उन्होंने डिजिटल पेमेंट का प्रिंट आउट निकलवाया और फरवरी 2026 में सबूत के साथ जिला उपभोक्ता आयोग में केस दर्ज करा दिया।

# ट्रांसफार्मर नहीं बदला, ग्रामीणों ने विद्युत उपकेंद्र पर रात गुजारी

## शाम तक बदलने का आश्वासन मिला, रात तक कोई नहीं पहुंचा

**अमन लेखनी समाचार**

शाहजहांपुर ,पुवायां में एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर खराब होने से नाराज ग्रामीण देर रात विद्युत उपकेंद्र पहुंच गए। उन्हें दिन में ट्रांसफार्मर बदलने का आश्वासन मिला था, लेकिन रात तक कोई नहीं पहुंचा। आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पूरी रात उपकेंद्र परिसर में ही गुजारने का ऐलान किया। यह मामला पुवायां थाना क्षेत्र के लखोहा गांव का है, ग्रामीणों के अनुसार, पिछले करीब एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है। इसके कारण गांव में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित है, जिससे ग्रामीणों को भीषण गर्मी में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर बदलवाने के लिए एसडीओ को को प्रार्थना पत्र दिया था। ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया कि शाम तक ट्रांसफार्मर बदलवा दिया जाएगा, जिसके बाद ग्रामीण वापस लौट गए थे। हालांकि, देर रात तक गांव में कोई भी कर्मचारी नहीं पहुंचा और न ही ट्रांसफार्मर बदला गया। इससे आक्रोशित ग्रामीण रात में ही विद्युत उपकेंद्र परिसर पहुंच गए और विभाग के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हें दोपहर में झूठा आश्वासन दिया गया। उनका कहना है कि जब ट्रांसफार्मर नहीं बदलना था तो आश्वासन क्यों दिया गया। एक सप्ताह से बिजली न होने से जीवन मुश्किल हो गया है। उन्होंने



चेतावनी दी कि यदि रात में ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया तो वे उपकेंद्र परिसर में ही रात गुजारेंगे। इस संबंध में जब विद्युत विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनके फोन नहीं लगे।

# महिला आयोग सदस्य ने गौरा सीएचसी का निरीक्षण किया

**प्रतिदिन 200 मरीजों का उपचार, 238 दवाएं उपलब्ध; एक्स-रे मशीन बंद**

**अमन लेखनी समाचार**



प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने प्रतापगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ( सीएचसी ) गौरा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं की जमीनी हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान प्रभारी अधीक्षक डॉ. ए.के. सिंह ने बताया कि सीएचसी में वर्तमान में चार चिकित्सक कार्यरत हैं और 30 बेड की सुविधा उपलब्ध है। यहां प्रतिदिन लगभग 150 से 200 मरीजों का उपचार किया जाता है। डॉ. सिंह ने यह भी जानकारी दी कि अस्पताल में 238 प्रकार की आवश्यक दवाएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा, डेंगू, मलेरिया और टीबी सहित विभिन्न बीमारियों की जांच की सुविधा भी संचालित है। हालांकि, अस्पताल में एक्स-रे मशीन उपलब्ध होने के बावजूद तकनीकी कर्मचारी के अभाव में उसका संचालन नहीं हो पा रहा है। अल्ट्रासाउंड जांच के लिए मरीजों को एक निजी केंद्र से संबद्ध किया गया है। महिला आयोग सदस्य ने अस्पताल के वार्डों, प्रसूति कक्ष, दवा वितरण केंद्र और अन्य इकाइयों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन करने के साथ ही भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों से बातचीत कर उपचार व्यवस्था और चिकित्सकों की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली।

# नर्सिंग कॉलेज पर लगे गंभीर आरोप

## स्टूडेंट बोले- भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा, पट्टी करना तक नहीं सीख पाए

**अमन लेखनी समाचार**



प्रतापगढ़ ,शिक्षा व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। देहात कोतवाली क्षेत्र के विक्रमपुर मोड़ स्थित ढरकळ नर्सिंग कॉलेज पर गंभीर आरोप लगे हैं। सैकड़ों नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन कर रहे छात्रों का आरोप है कि कॉलेज उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। उनका कहना है कि संस्थान में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। सबसे गंभीर आरोप यह है कि कॉलेज के पास इंडियन नर्सिंग काउंसिल से मान्यता नहीं है, जबकि यह अनिवार्य है। छात्रों के अनुसार, कॉलेज में न तो कोई मानक अस्पताल जुड़ा हुआ है, न ही नियमित प्राचार्य की नियुक्ति है और न ही योग्य शिक्षकों की उपलब्धता है। उन्होंने बताया कि कॉलेज में लैब और अस्पताल की सुविधाएं भी नहीं हैं, जिसके चलते वे अभी तक नर्सिंग की बुनियादी ट्रेनिंग जैसे सुई लगाना और पट्टी करना तक नहीं सीख पाए हैं।

### करियर को बर्बाद करने की धमकियां दी गईं

छात्रों ने यह भी आरोप लगाया कि जब उन्होंने इन समस्याओं का विरोध किया, तो उन्हें गेट बंद कर डराया-धमकाया गया और उनके करियर को बर्बाद करने की धमकियां दी गईं। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने यह भी आरोप लगाया कि कॉलेज एक प्रभावशाली भाजपा नेता राकेश सिंह से जुड़ा हुआ है, जिसके कारण प्रबंधन की मनमानी चल रही है। नर्सिंग कॉलेज के चेयरमैन राकेश सिंह ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा कि छात्रों द्वारा लगाए गए आरोप निराधार और भ्रामक हैं। उनका कहना है कि कॉलेज में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं और कठउ से संबंधित प्रक्रिया पूरी की जा रही है। चेयरमैन ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ छात्रों की फीस बकाया है, जो अन्य छात्रों को बरगलाकर इस तरह का प्रदर्शन करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों को अपनी समस्याएं कॉलेज प्रबंधन के सामने रखनी चाहिए।

## संक्षेप

### बकाया मजदूरी को लेकर ईंट भट्ठा मजदूरों का प्रदर्शन

**बागपत में सहायक श्रमायुक्त से लगाई न्याय की गुहार**

बागपत ,ईंट भट्ठे पर काम करने वाले मजदूरों ने अपनी बकाया मजदूरी के भुगतान की मांग को लेकर सहायक श्रमायुक्त को प्रार्थना पत्र सौंपा है। मजदूरों का आरोप है कि कई महीनों तक लगातार काम करने के बावजूद उन्हें मेहनताना नहीं दिया गया और अब उन्हें धमकाया भी जा रहा है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, ये मजदूर परिवार बिजवाड़ा और पुट्ठी गांवों के बीच स्थित एक ईंट भट्ठे पर पिछले करीब छह महीनों से ईंट पथाई का कार्य कर रहे थे। मजदूरों का कहना है कि उन्होंने एक हजार ईंटों पर 750 रुपये की दर से काम किया था। भट्ठा मालिक और उसके प्रतिनिधियों ने काम शुरू कराने के समय मजदूरी भुगतान का भरोसा दिया था। मजदूरों ने आरोप लगाया कि काम पूरा होने के बाद भी उन्हें मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया। जब उन्होंने भट्ठा मालिक और उसके सहयोगियों से अपने मेहनताने की मांग की, तो उन्हें टालमटोल का सामना करना पड़ा। मजदूरों ने यह भी बताया कि मजदूरी मांगने पर उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई। पीड़ित मजदूर परिवारों का यह भी कहना है कि वे अपने परिवारों के साथ भट्ठे पर ही रह रहे हैं। आरोप है कि वहां की बिजली काट दी गई है और पानी की व्यवस्था भी प्रभावित कर दी गई है, जिससे परिवारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मजदूरों के सामने अब रोजमर्रा के जीवन-यापन का संकट खड़ा हो गया है। मजदूर परिवारों ने सहायक श्रमायुक्त से इस मामले की निष्पक्ष जांच कराने, उनकी बकाया मजदूरी दिलाने तथा दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने प्रशासन से सुरक्षा प्रदान करने की भी अपील की है ताकि वे बिना किसी भय के न्याय प्राप्त कर सकें।

### पैरा एथलीट चिराग त्यागी हत्याकांड, सीबीआई जांच की मांग

**बार एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा, न्याय की गुहार**

बागपत ,अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलीट स्वर्गीय चिराग त्यागी हत्याकांड को लेकर जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है। अधिवक्ताओं ने मामले की सीबीआई जांच और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि गाजियाबाद के ग्राम बसन्तपुर सैंथली निवासी अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलीट चिराग त्यागी की निर्मम हत्या ने प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे खेल जगत को झकझोर कर रख दिया है। अधिवक्ताओं के अनुसार, चिराग त्यागी ने अपने संघर्ष, प्रतिभा और उपलब्धियों से प्रदेश एवं देश का नाम रोशन किया था। ऐसे खिलाड़ी की हत्या से युवाओं और खिलाड़ियों में गहरा आक्रोश है। अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री से इस हत्याकांड की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराकर दोषियों को जल्द सजा दिलाई जाए। इसके अतिरिक्त, फरार आरोपियों पर तत्काल उचित इनाम घोषित कर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने की भी मांग की गई है। ज्ञापन में पीड़ित परिवार के लिए एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता, माता-पिता को पेंशन और आजीविका के लिए एक दुकान आवंटित करने की मांग भी शामिल है।

# 12 गांवों में तेंदुए की दहशत

**शाम होते ही घरों के दरवाजे हो जाते बंद, लाठी-टॉर्च लेकर पहरेदारी कर रहे ग्रामीण**



अमनलेखनी समाचार

प्रयागराज , झूंसी क्षेत्र के 7 किलोमीटर के इलाके में तेंदुए का खौफ है। करीब 12 गांव में डर का माहौल है। सूरज ढलते ही लोग घरों में कैद हो जा रहे हैं। बच्चे खेलने के लिए घरों से बाहर नहीं निकल रहे। महिलाओं ने खेतों पर जाना छोड़ दिया है। रात में पशुओं की रखवाली के लिए गांव के लोग समूह में हाथों में डंडा-टॉर्च लेकर पहरेदारी कर रहे हैं। 13 और 16 जून को तेंदुआ बस्ती में घूमते हुए देखा गया। सबसे पहले 13 जून को हवेलिया वार्ड में मादा तेंदुआ और उसके दो शावकों को देखा गया। जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। इसके बाद 16 जून को शास्त्री ब्रिज के नीचे एसटीपी प्लांट के पास एक बार फिर तेंदुआ देखा गया। वहां काम करने वाले कर्मचारी ने तेंदुए का भागते हुए वीडियो बनाया। पिछले 6 दिन से गांववाले दहशत में हैं। सबसे पहले गांव का माहौल पढ़िए- शाम करीब 7 बजे टीम गांव सोनौटी पहुंची। सूरज डूबते ही गलियों में सन्नाटा हो गया। घरों के दरवाजे बंद हो गए। चलते हुए टीम बीच गांव पहुंची। यहां सड़क पर 8-10 लोग एक साथ खड़े थे। जो हाथों में लाठी-डंडे और टॉर्च लिए थे। फिर वह सभी एक साथ गांव की गलियों में टहलने लगे। पशुओं की तरफ टॉर्च लगाकर देखा। टीम ने लाठी लेकर घूमने का कारण पूछा तो राजू ने बताया कि गांव में तेंदुए का खौफ है। कुछ दिन पहले यहां तेदुआं देखा गया था। तब से लोग डरे हुए हैं। यहां खेतों में चरी बो रखी है। उसमें उसके होने की आंशका है। ऐसे में हम लोग खेतों में शाम के समय नहीं जाते हैं। बताया कि यही हाल पड़ोस के गांवों का भी है। हम लोग एक ग्रुप में गांव में घूमते हैं। साथ में रहते हैं। ताकि तेंदुए से निपटा जा सके। उससे बचा जा सके। टीम मुंशी का पुरा, बदरा और अन्य गांव भी पहुंची। यहां भी ऐसी ही तस्वीर दिखाई दी। शाम 7 बजे से पहले सभी काम कर लेते हैं सोनौटी के रहने वाले हिमांशु ने बताया कि उनका गांव गंगा नदी के किनारे स्थित है। इलाके में तेंदुए की हलचल की खबर मिलने के बाद से पूरे गांव में डर का माहौल है। लोग शाम 7 बजे से पहले ही अपने पालतू जानवरों (गाय, भैंस) को चारा-पानी खिलाकर और दूध निकालने का काम जल्दबाजी में निपटा रहे हैं।

# केंद्र सरकार के पूरे हुए 12 वर्ष मनाया गया हर्षोल्लास

**क्षेत्रीय विधायकों ने गिनाई वर्तमान सरकार की विकास गति की रफ्तार**



अमनलेखनी समाचार

फतेहपुर,जनपद के प्रेक्षा गृह मुख्यालय अंतर्गत देश में कार्यदाई वर्तमान सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपाइयों ने गौरवशाली कार्यकाल बताते हुए हर्षोल्लास मनाया कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद की जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स तथा संचालन शिक्षक उमेश त्रिवेदी द्वारा किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद के अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता तथा जहानाबाद विधानसभा विधायक राजेंद्र सिंह पटेल द्वारा किया गया कार्यक्रम में पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता क्षेत्रीय विधायक एवं जनप्रतिनिधियों ने सरकार के द्वादश बसंत पूर्ण होने के अवसर पर जनपद मुख्यालय में सरकार द्वारा चलाई गई सभी योजनाओं के बारे में विस्तार चर्चा की वही क्रियान्वयन के साथ-साथ उपलब्धियां के बारे में भी बताया गया इस मौके पर जनपद के मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना परियोजना निदेशक शेषमणि सिंह उपनिदेशक कृषि रामजतन मिश्रा जिला कृषि अधिकारी नरोत्तम कुमार मिश्रा जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी समेत जनपद के सभी उच्च अधिकारी मौजूद रहे

## 3 साल के मासूम के अपहरण की कोशिश

**नाकाम होने पर मस्जिद में ले जाकर पटका, गंभीर घायल**

अमनलेखनी समाचार



मेरठ , ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र में रात एक सनसनीखेज घटना सामने आई। शकर नगर गली नंबर-5 स्थित रसीद नगर में घर के बाहर मौजूद तीन वर्षीय मासूम हसन सैफी के अपहरण का प्रयास किया गया। अपहरण में असफल होने पर आरोपी युवक बच्चे को पास की एक मस्जिद में ले गया और उसे जमीन पर पटक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। रसीद नगर निवासी दानिश सैफी का तीन वर्षीय बेटा हसन सैफी देर रात अपने चाचा हुसैन सैफी के साथ घर के बाहर टहल रहा था। हसन के पैर में दर्द होने के कारण वह चाचा की गोद में था। इसी दौरान एक युवक अचानक वहां पहुंचा और बच्चे को जबरन छीनकर भागने लगा। बच्चे को बचाने की कोशिश में हुसैन सैफी आरोपी से भिड़ गए, लेकिन इस दौरान वह गिरकर घायल हो गए। आरोपी बच्चे को लेकर मौके से भाग निकला। परिजनों और स्थानीय लोगों के शोर मचाने पर आरोपी पास की एक मस्जिद में घुस गया। आरोप है कि वहां उसने मासूम को दो बार फर्श पर पटक दिया, जिससे उसके चेहरे और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। परिजनों का आरोप है कि आरोपी ने मस्जिद का शीशा तोड़कर बच्चे पर हमला करने और उसका गला दबाने की भी कोशिश की। हालांकि, लोगों के पहुंचने से पहले वह अपने इरादे में सफल नहीं हो सका।

लोगों ने पकड़कर की पिटाई घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और गुस्से में उसकी पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने आरोपी को भीड़ के कब्जे से छुड़ाया और हिरासत में ले लिया।

## सोती रही पुलिस, क्राइम रजिस्टर ले गए एसएसपी

**फिल्टर टेस्ट में फेल महिला थाने के 19 कर्मियों का तबादला**

अमनलेखनी समाचार



मेरठ, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अविनाश पांडेय के औचक निरीक्षण में महिला थाना पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई है। एसएसपी ने ट्रैक सूट में महिला थाने पहुंचकर पुलिसकर्मियों की सतर्कता परखने के लिए विशेष फिल्टर टेस्ट किया। इस दौरान थाना परिसर में सुरक्षा व्यवस्था और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की गंभीर लापरवाही उजागर हुई। जानकारी के अनुसार, सुबह भ्रमण के दौरान एसएसपी अचानक महिला थाने पहुंच गए। थाने के मुख्य गेट और परिसर में कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं मिला। कार्यालय में पहुंचने पर एक महिला सिपाही कुर्सी पर बैठी हुई सोती मिली। एसएसपी के कार्यालय में प्रवेश करने और वहां मौजूद महत्वपूर्ण दस्तावेज देखने तक किसी पुलिसकर्मी को इसकी भनक नहीं लगी। निरीक्षण के दौरान एसएसपी कार्यालय में रखा थाना का सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज ह्यक्राइम रजिस्टर अपने साथ ले गए। इसके बावजूद थाने में मौजूद किसी भी पुलिसकर्मी को इसकी जानकारी नहीं हुई। बाद में एसएसपी ने महिला थाना प्रभारी सीता सिंह से अपराध रजिस्टर प्रस्तुत करने को कहा। इसके बाद थाना पुलिस में हड़कंप मच गया और पुलिसकर्मी रजिस्टर की तलाश में जुट गए। काफी देर खोजबीन के बाद भी रजिस्टर नहीं मिलने पर सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। फुटेज देखने पर पुलिसकर्मियों को पता चला कि स्वयं एसएसपी निरीक्षण के दौरान रजिस्टर अपने साथ ले गए थे। पुलिस विभाग के अनुसार, क्राइम रजिस्टर किसी भी थाने का सबसे महत्वपूर्ण अभिलेख माना जाता है। इसे चार नंबर रजिस्टर भी कहा जाता है, जिसमें दर्ज सभी मुकदमों और उन पर हुई कार्रवाई का संक्षिप्त लेकिन संपूर्ण रिकॉर्ड दर्ज होता है। एसएसपी अविनाश पांडेय ने महिला थाना पुलिस की इस लापरवाही को गंभीर मानते हुए तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने महिला थाने पर तैनात 19 कांस्टेबल और हेड कांस्टेबल का तबादला कर दिया तथा उनकी जगह अन्य पुलिसकर्मियों की तैनाती के आदेश जारी किए। एसएसपी ने कहा कि थाने में पीड़ित किसी भी समय सहायता के लिए पहुंच सकता है। ऐसे में ड्यूटी में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जा सकती। निरीक्षण में सामने आई कमियों के आधार पर संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

## डिलीवरी के बाद महिला की मौत

**ओवरडोज दवा देने का आरोप, परिजनों ने अस्पताल में किया हंगामा**

अमनलेखनी समाचार



मेरठ ,लोहियानगर थाना क्षेत्र में स्थित एनएस अस्पताल में डिलीवरी के बाद एक महिला की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर ओवरडोज दवा देने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। हालांकि, बाद में परिजनों ने किसी भी कानूनी कार्रवाई से इनकार कर दिया। लोहिया नगर की पहलवान कॉलोनी निवासी समीर ने अपनी पत्नी शबनम (22) को सुबह प्रसव के लिए एनएस अस्पताल में भर्ती कराया था। अस्पताल में ऑपरेशन के बाद शाम शबनम ने एक बेटी को जन्म दिया। परिजनों के मुताबिक, प्रसव के बाद उसकी हालत सामान्य थी। परिजनों का आरोप है रात दर्द होने पर चिकित्सक ने शबनम को इंजेक्शन लगाया, जिसके कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजन और अन्य लोग अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही और दवा की ओवरडोज का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। इससे अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर लोहियानगर पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को शांत कराया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू की, लेकिन परिजनों ने किसी भी कानूनी कार्रवाई से इनकार कर दिया। इसके बाद परिजन शव को अपने साथ घर ले गए। जानकारी के अनुसार, जाकिर कॉलोनी निवासी शबनम की शादी करीब डेढ़ वर्ष पहले समीर से हुई थी। यह उनकी पहली संतान थी। बेटी के जन्म के बाद मां की मौत से परिवार में शोक का माहौल है। इस संबंध में लोहिया नगर थाना प्रभारी सुमित तोमर ने बताया कि यदि कोई तहरीर मिलती है, तो मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# मुठभेड़ में बदमाश अरेस्ट

**पैर में गोली लगने से घायल, ऑटो में व्यापारी से की थी लूट**

अमनलेखनी समाचार



गाजियाबाद , मुरादनगर में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर व्यापारी को ऑटो में बैठाकर लूटने वाले बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ के दौरान बदमाश के पैर में गोली लगी है। पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि लूट की घटना को अंजाम देने वाला अभियुक्त अपने साथियों के साथ नवीपुर बम्बा पेरिफेरल अंडरपास के पास किसी वारदात की फिराक में आने वाला है। इस सूचना पर पुलिस टीम ने दुहाई से नवीपुर बम्बा पेरिफेरल एक्सप्रेसवे अंडरपास के नीचे चेकिंग शुरू की। चेकिंग के दौरान नवीपुर की ओर से एक ऑटो रिक्शा आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने टॉर्च की रोशनी से उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन ऑटो चालक ने वाहन नहीं रोका और पीछे की ओर मोड़कर भागने का प्रयास किया। इस दौरान ऑटो बम्बे के पास फंस गया। खुद को घिरा देखकर बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें बदमाश के पैर में गोली लग गई। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक बल प्रयोग कर उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए घायल बदमाश ने अपना नाम करन पुत्र सूरजपाल बताया, जो गली नंबर 18, फेज 10, शिव विहार, थाना करावल नगर, दिल्ली का निवासी है। पूछताछ में करन ने बताया कि कुछ दिन पहले उसने अपने साथियों पुनित शर्मा, जतिन मित्तल और अनुराग गुप्ता के साथ मिलकर मेरठ मोड़ से एक व्यक्ति को ऑटो रिक्शा में बैठाकर लूटा था। उन्होंने पीड़ित से दो मोबाइल फोन और 5600 रुपए लूटे थे। लूट के बाद पीड़ित को दुहाई पेरिफेरल के आगे सुनसान स्थान पर छोड़ दिया गया था।

लूटी गई रकम को आपस में बांट लिया गया था, जबकि एक मोबाइल फोन पुनित शर्मा को दिया गया था और दूसरा फोन करन ने अपने पास रख लिया था। पुलिस ने उसके पास से बरामद मोबाइल फोन और नकदी को इसी लूट की घटना से संबंधित बताया है।

# शादीशुदा गर्लफ्रेंड के बेटे को किडनैप कर मार डाला

**मेरठ में घर के सामने से कार में उठा ले गया; एचडीएफसी बैंक में नौकरी करता है**

अमनलेखनी समाचार




मेरठ ,प्रेमी ने अपनी शादीशुदा गर्लफ्रेंड के 7 साल के बेटे की हत्या कर दी। प्रेमी ने घर के बाहर खेल रहे बेटे का अपहरण किया। फिर उसे कार से अपने साथ ले गया। घटना के करीब 25 घंटे बाद बच्चे की लाश जंगल में पड़ी मिली। बताया जा रहा है कि बच्चे की गला दबाकर हत्या की गई है। पुलिस के अनुसार, हत्या की वजह अभी साफ नहीं हो सकी है। बच्चे की मां एक प्राइवेट स्कूल में टीचर थी, जबकि पिता दुबई में नौकरी करते हैं।

**दुबई में नौकरी करते हैं बच्चे के पिता**

रामराज गांव के रहने वाले गुरसेवक दुबई में नौकरी करते हैं। उनका एक घर पंजाब के पटियाला में और दूसरा बिजनौर के नजीमाबाद में है। उनकी पत्नी गुरप्रीत गांव के ही एक प्राइवेट स्कूल में टीचर थीं। डेढ़ साल पहले उन्होंने नौकरी छोड़ दी थी। इसके बाद से वह अपने मायके वाले घर पर रहती हैं। गुरप्रीत का मायका बिजनौर के नजीमाबाद में है। मुजफ्फरनगर के रामराज में भी उनका घर है। गुरसेवक और गुरप्रीत का 7 साल का बेटा अंगदवीर था। वह अपनी दादी के पास पटियाला में रहता था। लेकिन, अक्सर अपनी दादी के साथ नजीमाबाद भी आया-जाया करता था। जब अंगदवीर नजीमाबाद आता था, तो गुरप्रीत उससे मिलने जाती थी या उसे अपने पास बुला लेती थी। 4-5 दिन पहले भी अंगदवीर नजीमाबाद आया था।

**मायके में रहने के दौरान मां का हुआ अफेयर**

वहीं, गुरप्रीत का मायके में रहने के दौरान अपने घर के पास रहने वाले अंकित से अफेयर हो गया था। अंकित एचडीएफसी बैंक में काम करता है। पति के नहीं रहने की वजह से अंकित अक्सर गुरप्रीत के घर आता-जाता रहता था। इसी के चलते गुरप्रीत ने पति गुरसेवक से तलाक भी मांगा था। लेकिन, गुरसेवक ने तलाक देने से मना कर दिया था। इसके चलते गुरप्रीत और अंकित शादी नहीं कर पा रहे थे। इसी बात को लेकर अंकित नाराज चल रहा था। जब अंकित को पता चला कि गुरप्रीत का बेटा अंदवीर मां के पास आया है, तो उसने बच्चे का अपहरण करने की साजिश रची। सुबह वह कार से गुरप्रीत के घर पहुंचा और अंगदवीर को अपने साथ ले गया। इसके बाद उसने रास्ते में बच्चे का गला घोंट दिया और लाश हस्तिनापुर के भद्रकाली जंगल में फेंक दी।

**बच्चे की दादी बोलीं- भद्रकाली के जंगल से मिली लाश**

अंगदवीर की दादी ने बताया- मैं अपने पोते के साथ पटियाला में रहती हूं। वहीं उसकी पढ़ाई चल रही थी। 5-6 दिन पहले ही हम रामराज गांव में अपने दूसरे घर आए थे। सुबह करीब 11 बजे अंगदवीर घर के बाहर खेलने निकला था। काफी देर तक जब वह नहीं लौटा, तो उसकी तलाश की गई, लेकिन उसका पता नहीं चला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

## ग्रेटर नोएडा में पति ने की पत्नी की हत्या

**दुपट्टे से गला घोंटकर फरार हुआ आरोपी, 9 साल पहले हुई थी लव-मैरिज**

अमनलेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। एडिशनल डीसीपी संतोष कुमार ने बताया कि दादरी थाने को डायल-112 के माध्यम से सूचना मिली थी। इसमें बताया गया कि ग्राम चिटहेरा निवासी मोहित पुत्र अनूप ने अपनी पत्नी कविता की दुपट्टे से गला दबाकर हत्या कर दी है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पुलिस के अनुसार, मोहित और कविता ने करीब 9 साल पहले प्रेम विवाह किया था। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है और फरार आरोपी की तलाश जारी है।

## नोएडा जल विभाग के नाम पर आए कॉल तो सावधान

**वाट्सऐप पर भेजे जा रहे फर्जी नोटिस, कनेक्शन काटने की धमकी दे रहे**

अमनलेखनी समाचार



नोएडा,नोएडा प्राधिकरण के जल विभाग के नाम पर साइबर ठगी का मामला सामने आया है। साइबर ठग नोएडा वाटर सप्लाई डिस्ट्रीब्यूशन प्राइवेट लिमिटेड नोएडा जल के नाम से लोगों को वाट्सऐप पर संदेश भेजकर पिछले महीने का बिल जमा न होने का हवाला दे रहे हैं और रात 9:30 बजे जलापूर्ति काटने की धमकी दे रहे हैं प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक जल खंड-प्रथम ने बताया कि ठग बिल अपडेट कराने के नाम पर लोगों से 9070249504, 7479784814 और 9939042972 नंबरों पर संपर्क करने के लिए कह रहे हैं। इनमें पहले दो नंबरों पर क्रमशः गुररत देवेश जोशी और ओमप्रकाश वर्मा के नाम का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके अलावा लोगों के मोबाइल पर ₹पाइप लाइन वाटर बिल अपडेट डॉट एपीके नाम की फाइल भी भेजी जा रही है, जिस पर नोएडा जल की डीपी लगी हुई है प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार का कोई भी नोटिस, लिंक या कार्रवाई जल विभाग की ओर से नहीं की गई है और यह पूरी तरह फर्जी एवं भ्रामक है। आम नागरिकों से अपील की गई है कि ऐसे किसी भी संदेश पर ध्यान न दें, किसी लिंक पर क्लिक न करें और न ही कोई अढङ फाइल डाउनलोड या ओपन करें। प्राधिकरण ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए साइबर ठगों के खिलाफ पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई जा रही है।

## सोसाइटी की पार्किंग में कार ने मां-बेटी को रौंदा...

**10 मीटर तक घसीटा; पसलियां फ्रैक्चर, कॉलर बोन टूटी**

अमनलेखनी समाचार



नोएडा,एक कारोबारी ने कार से सॉफ्टवेयर इंजीनियर महिला और उसकी 5 साल की बेटी को रौंद दिया। टक्कर लगने के बाद कार में फंसकर मां-बेटी करीब 10 मीटर तक घिसटती हुई चली गईं। साथ में चल रहे पति और बड़ी बेटी बाल-बाल बचे। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों की मदद से पति ने बेटी को कार के नीचे से निकाला। महिला कार के नीचे फंसी रही। आरोपी चालक और लोगों ने 4 मिनट के बाद कार उठाकर महिला को निकाला। इसके बाद मां और बेटी को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में महिला का इलाज चल रहा है। पुलिस ने पति की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी चालक को हिरासत में लिया है। घटना सेक्टर-79 स्थित महागुन मिराविला सोसाइटी की पार्किंग में रात करीब पौने 11 बजे हुई। इसका वीडियो अब सामने आया है। सॉफ्टवेयर इंजीनियर दंपित अपनी दो बेटियों के साथ कार से उतरकर फ्लैट की ओर जा रहे थे। चारों सामान उतारकर फ्लैट में ले जा रहे थेनोएडा सेक्टर 79 स्थित महागुन मिराविला सोसायटी में अरुण शर्मा पत्नी कितिका और दो बेटियों के साथ रहते हैं। पति-पत्नी दोनों नोएडा की आइटी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं।

# 12 वर्षों में भारत ने सुशासन, विकास और आत्मनिर्भरता की नई गाथा लिखी- केशव प्रसाद मौर्य

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण, सुरक्षा और विकास के संकल्प को मिली नई गति**

अमन लेखनी समाचार



झाँसी/लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बरुआसागर, झांसी में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने खेल, शिक्षा एवं संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले युवाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में बीते 12 वर्ष भारत के सुशासन, विकास और अभूतपूर्व उपलब्धियों के स्वर्णिम कालखंड के रूप में अंकित हुए हैं। वर्ष 2014 में देश की जनता ने जिस विश्वास के साथ केंद्र में सरकार बनाई, उसी विश्वास के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश में वर्ष 2017 में सुशासन और विकास का नया अध्याय प्रारंभ हुआ। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भी झांसी की जनता ने प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व पर अपना विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के जीवन में व्यापक परिवर्तन आया है। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को ?5 लाख तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। देश में 80 करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। गरीबों को पक्के आवास, शौचालय, बिजली, गैस कनेक्शन जैसी मूलभूत सुविधाएं देकर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने का कार्य किया गया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि देश का कोई भी गरीब परिवार मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे। इसी दिशा में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 5करोड़ परिवारों को पक्का घर उपलब्ध कराया गया है और आगे भी पात्र परिवारों को आवास उपलब्ध कराने का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार का लक्ष्य किसानों, नौजवानों और महिलाओं को सशक्त बनाकर उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहायता दी जा रही है। प्रधानमंत्री जनधन योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा गया, जिससे पारदर्शिता बढ़ी और भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगा। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुये कहा जम्मूकश्मीर से धारा-370 और 35ए को समाप्त किया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए सरकार गरीबों और वंचितों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रही है। बीते वर्षों में करोड़ों लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प पूरा होगा। इसके लिए जनभागीदारी और जनता का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि झांसी की वीर भूमि की प्रेरणा से देश सदैव राष्ट्रहित के मार्ग पर आगे बढ़ता रहेगा। कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधीर सिंह, उत्तर प्रदेश उपभोक्ता सहकारी संघ लिमिटेड के सभापति (दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री) जमुना प्रसाद कुशवाहा, महापौर बिहारी लाल आर्य, विधायक राजीव सिंह 'पारीछा', विधायक जवाहर लाल राजपूत, विधान परिषद सदस्य डॉ. बाबूलाल तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# क्षेत्रीय क्षत्रिय समाज की समीक्षा बैठक संपन्न, सफल आयोजन पर जताया आभार

अमन लेखनी समाचार



गुरसराय (झाँसी)। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप एवं महाराजा छत्रसाल बुन्देला की जयंती के सफल आयोजन के उपरांत परमार निवास पर क्षेत्रीय क्षत्रिय समाज की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में 17 जून को आयोजित भव्य कार्यक्रम की सफलता पर सभी ग्रामवासियों, क्षेत्रवासियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। बैठक में बताया गया कि जयंती समारोह का आयोजन भाजपा महानगर झाँसी के जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह गौर की अध्यक्षता एवं गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। वक्ताओं ने कहा कि यह कार्यक्रम किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि समस्त क्षत्रिय समाज की एकजुटता, सहयोग और सहभागिता का परिणाम था। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने कार्यक्रम में भाग लेकर इसे ऐतिहासिक बनाया। इस अवसर पर आयोजक एवं संयोजक मंडल के सदस्य अवधेश सिंह परिहार (फौजी), सुखदेव सिंह दीपू अस्ता, पंकज सिंह परमार, राजेश सिंह परिहार, अभय प्रताप सिंह (छोटू अस्ता), मिलन सिंह परिहार, राजेन्द्र बुन्देला, भारतेंदु बुन्देला, शत्रुघ्न बुन्देला (भडोकर), नेता परमार, जयसिंह राजावत, अभिषेक चौहान (बामौर), योगेंद्र सिंह फौजी, अरविंद सिंह सेंगर, देवेन्द्र परिहार, शिवा परमार (परमार ब्रदर्स), अखंड प्रताप सिंह (भसनेह), कुँवर अंश सिंह बुन्देला (खरका), शिवाजी बुन्देला, कुलदीप परिहार, भानु प्रताप सिंह परिहार, मृगेन्द्र परिहार, पुष्पेंद्र सिंह (गोलू तोमर), रुद्र भदोरिया, देवेन्द्र सिंह चौहान, उत्सव सिंह, राज ठाकुर एवं केशवेंद राजा (नारायणपुरा) सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी सहयोगियों एवं समाजजनों का पुनः आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी समाज की एकता एवं संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।

खास समाचार

## हरदोई पुलिस में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 28 पुलिसकर्मियों के तबादले

**एसपी अशोक कुमार मीणा ने जारी किए आदेश, कई थानों, मीडिया सेल, यातायात शाखा व डीजीसी कार्यालय में नई तैनाती**

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। जनपद में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने पुलिस स्थापना बोर्ड की संस्तुति के बाद 28 पुलिसकर्मियों के तबादले कर दिए हैं। गुरुवार को जारी आदेश के तहत महिला थाना, पुलिस लाइन और थाना अरवल से पुलिसकर्मियों को विभिन्न थानों एवं शाखाओं में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जारी स्थानांतरण सूची के अनुसार मुख्य आरक्षी विवेका गंगवार को महिला थाना से मीडिया सेल भेजा गया है। वहीं पुलिस लाइन से हेड कांस्टेबल राजेन्द्र सिंह को कोतवाली शहर, हेमन्त कुमार को कोतवाली देहात, दीपक कुमार को बिलग्राम, रामदास को न्यायिक सम्मन सेल, रामप्रवेश यादव व देवेन्द्र प्रताप को सांडी, रामकुमार गौतम को सुरसा, पवन कुमार यादव को संडीला, सुनील कुमार को बघौली, गयादीन लाल एवं देवेश पटेल को पाली, कृष्ण कुमार को पिहानी, सचिन कुमार को लोनार, रामचन्द्र सिंह को बेहटागोकुल, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार को पाली, हरीश कुमार एवं कांस्टेबल कुलदीप भास्कर को कछौना, अफजल अली को माधौगंज, उमाकांत शर्मा को अरवल तथा राजेन्द्र कुमार मिश्रा को मल्लावां तैनात किया गया है। इसी प्रकार कांस्टेबल यूपेन्द्र सिंह को डीजीसी कार्यालय, आकाश कुमार गुप्ता को सांडी, प्रदीप श्रीवास्तव को हरियावां, अनिल कुमार एवं राजेश कुमार को यातायात शाखा तथा महिला कांस्टेबल योगिता को अरवल थाने में तैनाती दी गई है। वहीं महिला कांस्टेबल नेहा शर्मा को थाना अरवल से स्थानांतरित कर डीजीसी कार्यालय भेजा गया है। पुलिस विभाग में हुए इस व्यापक फेरबदल को जनपद में पुलिस व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने तथा विभिन्न थानों में आवश्यक पुलिस बल की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से आदेशों का अनुपालन कराने के निर्देश दिए हैं।

## ओबरा पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका से दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट मे एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु संचालित मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) अनिल कुमार के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक ओबरा सदानन्द राय के नेतृत्व में थाना ओबरा पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट से संबंधित अभियोग में नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। दिनांक 17.06.2026 को थाना ओबरा पर प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 133/2026 धारा 65(1), 64(2)(एम), 351(3) बीएनएस एवं 5ख(2)छ/6 पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया। आरोप है कि अभियुक्त द्वारा एक नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म कर उसे भयभीत एवं धमकाया गया, जिसके कारण पीड़िता घटना की जानकारी अपने परिजनों को नहीं दे सकी। बाद में पीड़िता के गर्भवती होने की जानकारी मिलने पर परिजनों द्वारा थाना ओबरा पर तहरीर दी गई, जिसके आधार पर अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक एवं वैधानिक कार्यवाही प्रारम्भ की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना ओबरा पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त भरतलाल पुत्र रामभरोष को दिनांक 18.06.2026 को समय करीब 06:05 बजे ग्राम परसोई टोला गाड़ापाथर से गिरफ्तार कर लिया गया।

## हरदोई के लड्डू, लौझड़ और आलू-पूरी को मिलेगी नई पहचान

**एक जनपद–एक व्यंजन योजना शुरू**

**फूड मेला और प्रदर्शनियों में भाग लेने पर सरकार देगी वित्तीय सहायता, उद्यमियों को मिलेगा लाखों रुपये का अनुदान**

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार ने स्थानीय पारंपरिक व्यंजनों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के उद्देश्य से एक जनपद-एक व्यंजन (ओडीओसी) योजना की शुरूआत की है। इस योजना के तहत हरदोई जनपद के लड्डू, लौझड़ और आलू-पूरी को चिन्हित किया गया है। उपायुक्त उद्योग हर्ष प्रताप सिंह ने बताया कि योजना के माध्यम से इन व्यंजनों से जुड़े हलवाई, कारीगर, उद्यमी, उत्पादक एवं निर्यातक इकाइयों को आर्थिक सहायता, मार्केटिंग, ब्रांडिंग और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विशेष सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक उत्तर प्रदेश का निवासी, न्यूनतम 18 वर्ष आयु का तथा किसी बैंक या वित्तीय संस्था का डिफॉल्टर नहीं होना चाहिए। लाभार्थी को विभागीय पोर्टल रै.४स्त्र.ड्ड५.ल्ल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। चयन के बाद आवेदन बैंकों को भेजे जाएंगे और पात्र लाभार्थियों को मार्जिन मनी अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। योजना के तहत परियोजना लागत के आधार पर 6.25 लाख रुपये से लेकर 50 लाख रुपये तक का अनुदान दिए जाने का प्रावधान है। इसके अलावा स्थानीय, प्रदेश, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित फूड मेले, फूड हाट, व्यापार मेले एवं प्रदर्शनियों में प्रतिभाग करने वाले उद्यमियों को स्टॉल शुल्क, माल ढुलाई व्यय तथा दो व्यक्तियों के यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति भी सरकार द्वारा की जाएगी। प्रदेश स्तरीय आयोजनों में स्टॉल शुल्क पर 75 प्रतिशत (अधिकतम 60 हजार रुपये) तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में 75 प्रतिशत (अधिकतम एक लाख रुपये) तक अनुदान दिया जाएगा। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि योजना का उद्देश्य हरदोई के पारंपरिक व्यंजनों को देश-विदेश के बाजारों तक पहुंचाना और स्थानीय उद्यमियों को स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना है। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, हरदोई में किसी भी कार्यदिवस पर संपर्क किया जा सकता

## हरदोई के 14 विद्यालयों का विशेष सूची में चयन, शिक्षा क्षेत्र में बढ़ेगा गुणवत्ता का स्तर

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद/हरदोई। जनपद हरदोई के 14 विद्यालयों का राज्य स्तरीय विशेष सूची में चयन होने से शिक्षा विभाग और क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। चयनित विद्यालयों में बहलोलपुर, बहेरवा, मानपुर तिराहा, कोठिला, सुमेरगंज, कछौना, कोटरा, लखनपुर, हुसैनपुर, मल्लावां, महरी, मिर्गेन और शाहाबाद के विद्यालय शामिल हैं। इन विद्यालयों के चयन से छात्रों को बेहतर शैक्षिक सुविधाएं, आधुनिक संसाधन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था और विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का लाभ मिलने की उम्मीद है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने इसे जनपद के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को नई दिशा मिलेगी और विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धी माहौल में आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा। जनपद के शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों ने विद्यालयों के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे हरदोई की शिक्षा व्यवस्था के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है।

# बीएसए कार्यालय के प्रभावशाली बाबू पर एफआईआर

**शिक्षक भर्ती की महत्वपूर्ण फाइल गायब होने से मचा हड़कंप**

**डीएम की बैठक में खुला बड़ा मामला: काउंसलिंग पत्रावली नहीं मिली, वरिष्ठ सहायक अनुपम मिश्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) कार्यालय के वरिष्ठ सहायक अनुपम मिश्र के खिलाफ शिक्षक भर्ती से संबंधित महत्वपूर्ण पत्रावली (फाइल) वापस न करने और उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अनदेखी करने के आरोप में कोतवाली शहर में एफआईआर दर्ज की गई है। मामला सामने आने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, जिलाधिकारी अनुनय झा ने एक समीक्षा बैठक के दौरान शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के तहत जिले में नियुक्त शिक्षकों की पत्रावलियां तलब की थीं। इस दौरान संबंधित लिपिक शिवनिवास मिश्र ने बताया कि उक्त महत्वपूर्ण फाइल वरिष्ठ सहायक अनुपम मिश्र के पास है। फाइल उपलब्ध न होने और उसके बारे में संतोषजनक जवाब न मिलने पर जिलाधिकारी ने मामले को गंभीर मानते हुए प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए। मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित विशेष अनुज्ञा याचिका संख्या-18516/2019 (उत्तर प्रदेश राज्य एवं अन्य बनाम नीरज कुमार पाण्डेय एवं अन्य) के अनुपालन से जुड़ा है। इसके तहत हरदोई जनपद के लिए 64 अभ्यर्थियों का आवंटन हुआ था, जिनमें 61 अभ्यर्थियों के मूल अभिलेखों का सत्यापन कराया गया था। इसके बाद 30 मार्च 2026 को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), हरदोई में विज्ञान एवं गणित शिक्षकों की स्कूल आवंटन और पदस्थापन काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी हुई थी। बताया जा रहा है कि काउंसलिंग से संबंधित महत्वपूर्ण पत्रावली पहले पटल सहायक शिवनिवास मिश्र के पास सुरक्षित थी, जिसे बाद में बीएसए के मौखिक निर्देश पर वरिष्ठ सहायक अनुपम मिश्र को सौंप दिया गया था। मई 2026 में अनुपम मिश्र का संबद्धीकरण जनगणना कार्यालय में कर दिया गया था और उन्होंने वहां कार्यभार भी ग्रहण कर लिया था। आरोप है कि जनगणना कार्यालय जाने से पहले उन्हें संबंधित फाइल वापस जमा करनी थी, लेकिन कई बार मांगने के बावजूद उन्होंने पत्रावली वापस नहीं की। सूत्रों के अनुसार, वरिष्ठ सहायक अनुपम मिश्र पहले भी विभिन्न मामलों को लेकर चर्चा में रहे हैं और उन पर समय-समय पर भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और फाइल की तलाश के साथ पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है।

### क्या है मामला?

- शिक्षक भर्ती काउंसलिंग की महत्वपूर्ण फाइल गायब।
- डीएम की बैठक में खुला मामला।
- बीएसए कार्यालय के वरिष्ठ सहायक अनुपम मिश्र पर एफआईआर।
- उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना का आरोप।
- कोतवाली शहर पुलिस ने शुरू की जांच।

## महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर नगर पंचायत कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

अमन लेखनी समाचार



गरौठा, झांसी। नगर पंचायत गरौठा कार्यालय में गुरुवार को भारत की महान वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित दीपांजलि कार्यक्रम में नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने महारानी लक्ष्मीबाई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में महारानी लक्ष्मीबाई के अद्वितीय साहस, शौर्य और देशभक्ति को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि स्वरूप बड़ी संख्या में दीप प्रज्वलित कर वीरांगना को नमन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने कहा कि महारानी लक्ष्मीबाई केवल झांसी ही नहीं, बल्कि पूरे देश की प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध अदम्य साहस के साथ संघर्ष करते हुए मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उनका जीवन आज भी युवाओं को राष्ट्रसेवा और देशभक्ति की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर प्रधान प्रवेंद्र सिंह, ब्रजकिशोर मिश्रा, मानवेंद्र सिंह, पार्षद दीपक गुप्ता, राजेंद्र अहिरवार, हारून खान, जगदीश सागर, महेंद्र सुमन, नागराज, सुलभ नायक सहित नगर पंचायत के कर्मचारी एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ 50 हजार का इनामी गो-तस्कर समेत तीन गिरफ्तार

**, छह गोवंश व अवैध असलहे बरामद**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। गो-तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना रायपुर, पन्नुगंज, कोतवाली रॉबर्ट्सगंज पुलिस तथा एसओजी/सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में पुलिस मुठभेड़ के दौरान 50 हजार का इनामी गो-तस्कर सहित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के दौरान दो तस्कर पुलिस की जवाबी फायरिंग में घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकारी सदर राज सोनकर के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई।

### सूचना पर हुई घेराबंदी

पुलिस को देर रात सूचना मिली कि एक पिकअप वाहन में गोवंशों को भरकर मधुपुर-नौगढ़-चकरघट्टा मार्ग से बिहार ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही थाना रायपुर क्षेत्र के सारसोत के पास संयुक्त पुलिस टीम ने बैरियर लगाकर घेराबंदी शुरू कर दी। जैसे ही संदिग्ध पिकअप वाहन को रोका गया, उसमें सवार तस्करों ने गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी और मौके से भागने का प्रयास किया। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दो तस्कर घायल होकर गिर पड़े। इसके बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों घायल अभियुक्तों समेत एक अन्य आरोपी को दबोच लिया।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान बिहार के कैमूर (भभुआ) जिले के थाना चैनपुर क्षेत्र निवासी विकास यादव और मेराज कुरैशी तथा चंदौली जिले के थाना चकरघट्टा क्षेत्र निवासी विजय प्रताप यादव उर्फ वकील यादव के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार विकास यादव पर 50 हजार का इनाम घोषित था और उसके खिलाफ गो-तस्करी, आर्म्स एक्ट, गैंगस्टर एक्ट तथा एनडीपीएस एक्ट सहित कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं।

### छह गोवंश और अवैध हथियार बरामद

तलाशी के दौरान पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से दो अवैध तमंचे .315 बोर, दो जिंदा कारतूस तथा चार खोखा कारतूस बरामद किए। वहीं पिकअप वाहन से छह गोवंश भी बरामद किए गए, जिन्हें वध के उद्देश्य से बिहार ले जाया जा रहा था। घायल अभियुक्त विकास यादव और मेराज कुरैशी को पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल लोढ़ी भेजा गया, जहां उनकी हालत सामान्य बताई जा रही है।

### पूछताछ में किया खुलासा

पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे लंबे समय से गो-तस्करी का कार्य कर रहे हैं और गोवंशों को बिहार ले जाकर बेचते थे। पुलिस अब इनके नेटवर्क और अन्य सहयोगियों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

### दर्ज हुआ मुकदमा

इस संबंध में थाना रायपुर में मुकदमा अपराध संख्या 89/2026 के तहत धारा 109 एवं 61(2) बीएनएस, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट तथा धारा 3/5ए/5बी/8 उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## मक्का की बंपर आवक से माधोगंज गल्ला मंडी चौराहे पर तीन घंटे का महाजाम, भीषण गर्मी में तड़पे राहगीर

अमन लेखनी समाचार



हरदोई। माधोगंज गल्ला मंडी में मक्का की बंपर आवक के चलते मंगलवार को चौराहे पर भीषण जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। मंडी के बाहर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और मालवाहक वाहनों की भारी भीड़ के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भीषण गर्मी में घंटों तक परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों के अनुसार इन दिनों क्षेत्र के किसान बड़ी संख्या में मक्का लेकर गल्ला मंडी पहुंच रहे हैं। ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और अन्य वाहनों की अचानक बढ़ी संख्या से मुख्य मार्ग पर दबाव बढ़ गया। मंडी के बाहर वाहनों के अव्यवस्थित खड़े होने से सड़क संकरी हो गई और देखते ही देखते चौराहे पर लंबा जाम लग गया। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मोर्चा संभाल लिया। पुलिसकर्मियों ने कड़ी मशक्कत करते हुए फंसे वाहनों को व्यवस्थित ढंग से निकलवाया तथा एक-एक कर यातायात को सुचारु कराया। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद स्थिति सामान्य हो सकी। जाम के कारण मालवाहक वाहनों के अलावा निजी बसें, एम्बुलेंस और दैनिक यात्री भी लंबे समय तक फंसे रहे। भीषण गर्मी में लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि मंडी सीजन के दौरान अतिरिक्त यातायात व्यवस्था, पार्किंग प्रबंधन और वाहनों के लिए अलग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह के महाजाम से लोगों को राहत मिल सके।

## रानी लक्ष्मीबाई की पुण्यतिथि पर मणिकर्णिका वूमेंस क्लब का दीपदान



अमन लेखनी समाचार

झांसी। वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की पुण्यतिथि के अवसर पर मणिकर्णिका वूमेंस क्लब की महिलाओं ने रानी लक्ष्मीबाई पार्क पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए तथा दीपदान कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूरा वातावरण श्रद्धा, सम्मान और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत रहा। कवलब की सदस्यों ने वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के अद्वितीय साहस, शौर्य और मातृभूमि के प्रति समर्पण को स्मरण करते हुए उनके बलिदान को नमन किया। उपस्थित महिलाओं ने उनके आदर्शों पर चलने तथा समाज में नारी सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में चार्टर प्रेसिडेंट सपना सरावगी, प्रेसिडेंट ओमनी राय सहित पूनम गुप्ता, सुनंदिनी नरवरिया एवं सुरभि नरवरिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। सभी ने एक स्वर में कहा कि रानी लक्ष्मीबाई का जीवन आज भी महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनका साहस, संघर्ष और बलिदान आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews @gmail.com**



बच्चो, अगर तुम शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना चाहते हो तो तुम्हें नित्य योग करना होगा। इससे ना सिर्फ तुम्हारा दिमाग तेज होगा, मन भी शांत और प्रसन्न रहेगा। योग के और क्या-क्या फायदे हैं, जानो।

# नियमित करोगे योग हमेशा रहोगे निरोग

प्रेरणा
डॉ. मोनिका शर्मा

प्यारे बच्चो, हम सब फिट रहना चाहते हैं। बीमारियों के चंगुल से दूर रहना चाहते हैं। मतलब शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ रहना चाहते हैं। यह नियमित योग करने से ही संभव है। बच्चो, एक बात और, योग एक संपूर्ण जीवनशैली है। इसमें व्यायाम के साथ ही अच्छी फूड हैबिट्स और सही दिनचर्या भी जरूरी है। ऐसा करने से ही योग करने के अनेक लाभ तुमको मिल पाएंगे।



### फिट और एक्टिव रहोगे

बच्चो, नियमित योग करने से शारीरिक और मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहने में बहुत मदद मिलती है। योग अभ्यास को अपने जीवन का हिस्सा बना लो तो तुम्हारे शरीर की फ्लेक्सिबिलिटी के साथ ही इम्यूनिटी भी बढ़ेगी। योग से शरीर की मसल्स मजबूत बनती हैं। इसीलिए अपना मनपसंद खेल खेलते हुए तुम्हें थकान नहीं होगी। शारीरिक ताकत लगने वाली एक्टिविटीज करने में और आनंद आएगा। भारी बस्ता उठाने वाले कंधों में बल मिलेगा। योग अभ्यास करने से बॉडी का पोश्चर भी सही रहता है। स्कूल, ट्यूशन और घर में लंबे समय तक बैठकर पढ़ने या लैपटॉप पर काम करने से पोश्चर बिगड़ जाता है। खराब मुद्रा में बैठने, खड़े होने या लेटने से गर्दन, कंधे और बैक में पेन होने लगता है। ऐसे में रोजाना आधे घंटे भी योग को अपने रूटीन का हिस्सा बना लिया जाए तो बॉडी पोश्चर सही रखा जा सकता है।

### मन रहता है शांत

योग करने से मन भी बहुत शांत रहता है। मस्तिष्क में एक संयत सक्रियता बनी रहती है, जिससे एग्जाम का स्ट्रेस, होमवर्क की टेंशन और किसी प्रतियोगिता में पीछे रह जाने का डर भी नहीं घेरता। योगासनों का अभ्यास तुम्हें पूरी एकाग्रता से अपना काम करने का मानसिक बल देता है।

### बढ़ती है मेंटल स्ट्रेंथ

बच्चो, स्कूल की गतिविधियां हों या नियमित पढ़ाई। ट्यूशन के प्रोजेक्ट्स हों या क्लासरूम में मिला होमवर्क। ये सब कुछ करने के लिए मेंटल स्ट्रेंथ बहुत जरूरी है। तुम इस बात को खुद समझते हो कि बिना थके, बिना रुके, अपने रुटीन को फॉलो करना बहुत जरूरी है। मन की शक्ति से ही ऐसे हर फ्रंट पर अच्छे से परफॉर्म किया जा सकता है। योग करने से हमें यह सब करने का मानसिक बल भी मिलता है। योग से ही जुड़े प्राणायाम और मेडिटेशन के अभ्यास मन को शांत-सहज रखते हैं। किसी भी तरह के तनाव से दूर रखते हैं, जिससे अच्छी नींद आती है। चाइल्ड पोज (बालासन) नाम का आरामदायक आसन, हमारी नर्व्स को शांत कर थकान और एंग्जाइटी दूर करने में बहुत उपयोगी होता है। मस्तिष्क की कोशिकाओं को सक्रिय करने वाले योग आसनों से न केवल याददाश्त बढ़ती है, फोकस्ड रहने में भी मदद मिलती है।



### बनते हैं इमोशनली स्ट्रॉन्ग

बच्चो, क्या तुम्हें भी जल्दी गुस्सा आ जाता है? कोई मजाक बनाए तो रो पड़ते हो? थोड़ी देर के लिए भी अकेले रहने में घबराहट होती है? स्विमिंग, साइकिलिंग, स्केटिंग जैसी किसी नई स्किल को सीखने में डर लगता है? अगर ऐसा है तो योग को अपने रुटीन का हिस्सा बनाकर तुम इमोशनली स्ट्रॉन्ग बन सकते हो। बच्चो, इमोशनल बैलेंस से हमें किसी भी एक्टिविटी को करने में डर नहीं लगता। इमोशनली स्ट्रॉन्ग होने से हर काम को रचनात्मक ढंग से सीखने-समझने की अप्रोच आती है।

असल में योग एक सधी हुई टेक्निक-सी है। यह हमें ऊर्जावान, खुशहाल और सकारात्मक सोच का धनी बनाता है। साथ ही गुस्सा, ईर्ष्या, उदासी और डर जैसी नकारात्मक भावनाओं से भी बचाती है। *

## योग अपनाएं!



जीवन में हो योग योग का,
मिट जाएगा नाम रोग का।
अद्भुत शांति योग से मिलती,
खुशियाली की बगिया खिलती।

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

घोर तनाव सदा घटता है,
और लचीलापन बढ़ता है।
प्रतिरोधक क्षमता यह देता,
विकृतियों को है हर लेता।
मन-शरीर दोनों को जोड़े,
गलतफहमियां सारी तोड़े।
नियमित जब अभ्यास करेंगे,
तन में ऊर्जा नई भरेंगे।
ठीक देर तक कभी न सोना,
समय योग का तुम मत खोना।
सुंदर अपना स्वास्थ्य बनाएं,
बच्चो, चलो योग अपनाएं।

फीलिंग्स

# लव यू पापा!

हमारे पापा हमें बहुत प्यार करते हैं। वे हर कदम पर हमारा हौसला बढ़ाते हैं, हमें मोटिवेट और इंस्पायर करते हैं। उनके साथ बिताए गए पल स्पेशल-मेमोरेबल हो जाते हैं। फादर्स-डे के अवसर पर टीवी के दो चाइल्ड आर्टिस्ट्स अपने पापा के साथ की स्पेशल मेमोरीज, उनकी सीख **बालभूमि** के साथ शेयर कर रहे हैं। यह भी बता रहे हैं, इस फादर्स-डे पर उनकी क्या खास प्लानिंग्स हैं।

### मेरे लिए पापा से बेहतर कोई नहीं : अथर खान



सोनी सब चैनल पर हाल ही में शुरू हुए पौराणिक धारावाहिक 'हस्तिनापुर के वीर' में अथर खान किशोर युधिष्ठिर की भूमिका निभा रहा है। इस किरदार में वह दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है। फादर्स-डे के खास मौके पर अथर अपने पिता से जुड़ी कुछ खूबसूरत यादों के बारे में बताता है, 'वैसे तो मेरे लिए पापा के साथ बिताया हुआ हर पल खास होता है। मेरी सबसे प्यारी यादों में से एक पल वह है, जब मेरी एक बर्थ-डे पर पापा के साथ मैंने जमकर डांस किया था। हमारे रिलेटिव्स और फ्रेंड्स ने हमें चीयर किया था। मेरे लिए मेरे पापा से बेहतर कोई और नहीं हो सकता।' अपने पापा की कही कुछ बातें अथर के लिए लाइफ लेसंस की तरह हैं, ये बातें कौन-सी हैं, वह बताता है, 'पापा ने मुझे दो बहुत जरूरी बातें सिखाई हैं। पहली, अपना काम हमेशा दिल और मेहनत से करो। साथ ही काम में एक ईमानदारी भी हो। पापा की दूसरी सीख यह है कि जिंदगी में सफलता के बाद कभी घमंड नहीं करो। घमंड में आकर इंसान नीचे आना शुरू कर देता है।' फादर्स-डे के लिए अथर का क्या स्पेशल प्लान है, वह बताता है, 'इस दिन मैं पापा के साथ पूरा डे-आउट प्लान करूंगा। उनके साथ घूमूंगा, लंच और डिनर भी करूंगा।' फादर्स-डे के मौके पर अथर का अपने पापा के लिए क्या मैसेज है, वह बताता है, 'पापा, मेरे लिए आप बहुत मेहनत करते हैं। हमेशा मेरा हौसला बढ़ाते हैं। पढ़ाई हो, शूटिंग हो या फिर कुछ और, हर परिस्थिति में मेरा साथ देते हैं। लव यू पापा! हैप्पी फादर्स-डे!' *

### इंस्पायर करती हैं पापा की बातें : हरिति जोशी



सन नियो चैनल के शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा के किरदार में हरिति जोशी ने दर्शकों का दिल जीत रखा है। अपने पापा से जुड़ी स्पेशल मेमोरी शेयर करते हुए वह बताती है, 'एक बार मैं अपने पापा और पूरी फैमिली के साथ घूमने गई थी। उस दिन हमने साथ में गेम्स खेले, खूब मस्ती की। बहुत सारी तस्वीरें खिंचवाईं और अपनी पसंदीदा चीजें भी खाईं। हम सबने मिलकर इतना अच्छा टाइम स्पेंड किया कि वह दिन मेरी सबसे खूबसूरत यादों में शामिल हो गया।' हरिति को अपने पापा की कही बातें बहुत इंस्पायर करती हैं, वह बताती है, 'मेरे पापा कहते हैं, अपने काम हमेशा मेहनत और ईमानदारी से करना चाहिए। मेहनत और ईमानदारी से किया गया काम कभी बेकार नहीं जाता।' फादर्स-डे के लिए हरिति ने क्या कुछ स्पेशल प्लान किया है, वह बताती है, 'इस बार फादर्स-डे पर मैं अपने पापा के लिए हाथ से बनाया हुआ एक सुंदर-सा कार्ड और एक छोटा-सा गिफ्ट दूंगी। मैं उनके साथ पूरा दिन स्पेंड करूंगी ताकि उन्हें महसूस हो कि वे मेरे लिए कितने स्पेशल हैं।' फादर्स-डे पर हरिति का अपने पापा के लिए स्पेशल मैसेज है, 'पापा, आप मेरे सबसे बड़े हीरो हैं। आप हमेशा मेरा साथ देते हैं, मुझे हिम्मत देते हैं। मेरे हर सपनों पर फेथ करते हैं। इससे मुझे आगे बढ़ने की ताकत मिलती है। हैप्पी फादर्स-डे, पापा! आई लव यू!' *

प्रस्तुति : बालभूमि फीचर्स

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

## पर्यावरण संरक्षण की सीख देती रोचक कहानियां



बच्चो, तुम्हारे लिए मजेदार शीर्षक वाली एक नई किताब आई है-'जंगल गाने लगा।' इस किताब में तुम्हारे लिए चार बड़ी रोचक कहानियां हैं। शीर्षक कहानी में हाथियों के आतंक से गांव वाले बहुत परेशान थे। एक दिन गांव वालों ने आपस में मिलकर तय किया कि वे रात में जागकर हाथियों को भगाने के लिए ढोल बजाएंगे और पटाखे छोड़ेंगे। उनकी तरकीब काम आई। हाथियों ने गांव में आना बंद कर दिया। इस तरह गांव वाले खुश थे। उन्हें लगने लगा जैसे कि पूरा जंगल गा रहा है, वे एकजुट होकर नाच रहे हैं। दूसरी कहानी 'हरियाली और खुशहाली' में दो भाइयों मोहन और सोहन ने मिलकर गांव में पहले तालाब खोदा फिर गांव के बुजुर्गों की सलाह और अन्य लोगों की मदद से पूरे गांव की तस्वीर ही बदल दी। अब गांव में हरियाली और खुशहाली दोनों एकसाथ दिखाई देने लगी। तीसरी कहानी 'बरगद की मौत' में बताया गया है कि शुद्ध पर्यावरण के लिए पेड़ों को न केवल लगाना जरूरी है, उनकी देखभाल करना भी जरूरी है ताकि वे बचे रहें। असल में गांव वालों की लापरवाही से हरा-भरा बरगद का पेड़ कटकर गिर गया था। इस घटना से गांव के बच्चों का मन बहुत आहत हुआ। उन्होंने मिलकर संकल्प लिया कि वे गांव में अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाकर उसे हरा-भरा बनाएंगे। अंतिम कहानी 'पेड़ों से श्रृंगार' भी पर्यावरण संरक्षण पर आधारित है। कहानी कहती है कि अगर धरती पर पेड़ रहेंगे, तो न केवल हम स्वस्थ- सुरक्षित रहेंगे, हमारी अगली पीढ़ी को भी इसका लाभ मिलेगा। जानवरों पर केंद्रित मुखपृष्ठ तो इतना आकर्षक है कि किताब देखते ही इसे उठाकर पढ़ने का मन करता है। *

**किताब:** जंगल गाने लगा (बालकथा संग्रह), **लेखक:** अंकुश्री
**मूल्य:** 125 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्यांजलि प्रकाशन, प्रयागराज



कहानी
हरीश कुमार 'अमित'

जरा-सी तबीयत बिगड़ी नहीं कि वैभव स्कूल जाना बंद कर देता। वह छोटी-छोटी तकलीफों को बहुत बड़ी तकलीफ मान लेता था। लेकिन एक दिन जब उसने देखा, पापा के हाथ में फ्रैक्चर होने पर भी उन्होंने अपने काम बंद नहीं किए, बोले, 'शो मस्ट गो ऑन!' वैभव को यह बात कितनी समझ में आई, क्या उसमें कोई बदलाव आया?

## पापा ने कहा शो मस्ट गो ऑन!



वैभव पिछले दो दिनों से स्कूल नहीं जा रहा था, क्योंकि उसके दांत में दर्द था। हालांकि दर्द हल्का ही था, बहुत तेज नहीं था, लेकिन जब मम्मी ने दांत पर लौंग का तेल लगा दिया तो दर्द और कम हो गया था, लेकिन वैभव की आदत थी कि वह ऐसी छोटी-मोटी तकलीफों को भी बहुत बड़ी समस्या मान लेता था। अब दांत के इसी दर्द के कारण वह न सिर्फ स्कूल से छुट्टी पर था, बल्कि शाम को दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने भी नहीं जा रहा था।

वैभव को कभी हल्का-सा बुखार हो जाता या छोटी-मोटी चोट लग जाती या फिर हल्का-सा पेटदर्द हो जाता, वह स्कूल जाना और दोस्तों के साथ खेलना बंद कर देता था। सारा दिन बीमारों की तरह बिस्तर पर ही पड़ा रहता था। मम्मी-पापा उसे बहुत समझाते कि इस तरह की छोटी-मोटी तकलीफों को इतना बड़ा समझना ठीक नहीं है, मगर उनकी इन बातों का उस पर कोई असर नहीं होता था।

शाम को वैभव बिस्तर पर लेटकर टीवी देख रहा था, तभी पापा अपनी दुकान बंद करके घर वापस आए। उसके पापा संगमरमर की मूर्तियों का व्यापार करते थे। वैभव ने देखा कि उनकी दाईं कलाई पर प्लास्टर लगा हुआ है। मम्मी के पूछने पर पापा ने बताया, 'दोपहर को दुकान के शेल्फ में रखते वक्त एक बड़ी मूर्ति मेरी दाईं बांह पर गिर गई थी। खून तो नहीं निकला, लेकिन चोट के कारण कलाई में बहुत तेज दर्द होने लगा, मुझे डॉक्टर के पास जाना पड़ा। डॉक्टर ने मुआयना करके एक्स-रे करवाया तो पता चला कि मेरी दाईं कलाई में हल्का-सा फ्रैक्चर हो गया है। इसलिए डॉक्टर ने मेरी कलाई पर चार हफ्ते के लिए प्लास्टर लगा दिया है।' यह सब जानकर वैभव ने पूछा, 'पापा, अब तो चार हफ्ते तक दुकान बंद रहेगी न!'

'बंद क्यों रहेगी दुकान?' पापा हैरानी से बोले।

'क्योंकि, आप चार हफ्ते तक दुकान पर जा नहीं सकेंगे न।' वैभव बोला।

उसकी बात सुनकर पापा ने जानना चाहा, 'यह तुमसे किसने कहा कि मैं अगले चार हफ्ते तक दुकान पर नहीं जा पाऊंगा?'

'आपको चोट जो लगी है न पापा, आपको प्लास्टर भी लगा हुआ है।' वैभव ने जवाब दिया।

'ठीक है बेटा, चोट लगी है और प्लास्टर भी लगा है, लेकिन इसका मतलब यह तो नहीं कि मैं चार हफ्ते के लिए दुकान बंद करके घर पर बैठ जाऊं।' पापा धीरज के साथ बोले।

'लेकिन पापा, फिर आप ठीक कैसे होंगे?' वैभव को पापा की बात समझ में नहीं आ रही थी।

'बेटा, डॉक्टर ने मुझे पूरे चार हफ्ते के लिए बिस्तर पर आराम करने के लिए थोड़ी न कहा है! बांह पर लगे प्लास्टर का ध्यान रखते हुए मैं सब काम करता रहूंगा। दुकान पर भी जाऊंगा। हां, अगर किसी से थोड़ी-बहुत मदद लेनी पड़ी तो जरूर लूंगा। बेटा, चाहे कैसी भी रुकावटें हों, कोई काम नहीं रुकना चाहिए। शो मस्ट गो ऑन!' पापा मुस्कराते हुए बोले।

थोड़ी देर बाद वैभव ने देखा कि पापा ने बाएं हाथ से अपने जूते उतारे और मुंह-हाथ धोकर कपड़े बदले। फिर टीवी का रिमोट उठाकर कुर्सी पर बैठ गए और बाएं हाथ से टीवी के चैनल बदलने लगे। मम्मी पानी का गिलास लेकर आईं तो उन्होंने बाएं हाथ से गिलास ले लिया। फिर थोड़ी देर बाद चाय के मग को भी बाएं हाथ से पकड़ा। रात का खाना भी उन्होंने उसी हाथ से खाया। पापा को अपना बायां हाथ इस्तेमाल करते हुए देख वैभव यही सोच रहा था कि दाईं कलाई पर चोट लगी होने के कारण पापा बाएं हाथ का प्रयोग कर रहे हैं।

अगली सुबह पापा को दुकान पर जाने के लिए तैयारी करते देख वैभव बिस्तर से उतरा और रसोई में काम कर रहीं मम्मी के पास जाकर बोला, 'मम्मी, मेरा स्कूल का टिफिन भी तैयार कर देना, मैं स्कूल जाऊंगा।'

'लेकिन तुम्हारे दांत का दर्द अब ठीक है क्या?' मम्मी को मालूम था कि ऐसी कोई छोटी-मोटी तकलीफ होने पर वैभव तीन-चार दिनों तक स्कूल नहीं जाता था।

'मम्मी, दर्द तो हल्का-सा है अभी, लेकिन मुझे पापा ने बहुत बड़ी सीख दे दी है। पापा बांह में फ्रैक्चर होने पर भी सभी काम कर रहे हैं, दुकान पर भी जा रहे हैं, तो फिर मैं इस हल्के-से दांत दर्द की वजह से क्यों घर बैठा रहूं? मुझे समझ आ गया है- शो मस्ट गो ऑन!'

बाहर वॉश बेसिन के सामने बाएं हाथ से दाढ़ी बनाते हुए पापा ने वैभव के मुंह से यह सब सुना तो मुस्कुरा पड़े। *



कविता
सिराज अहमद

## मैं पापा की जान

पापा मेरे सच्चे साथी
मैं पापा की जान।
कभी-कभी गुस्सा करते हैं
जब गलती हो जाए
लेकिन अगले पल हंसकर
मुझको गले लगाएं
चीजें मुझे दिलाएं सारी
ले जाकर दुकान।
उनके कंधों पर मैं बैठूं
जब भी मेले जाऊं
दुनिया देखूं, ऐसी खुशियां
और कहीं न पाऊं
पापा अकसर कहते मुझसे
मैं उनकी पहचान।
मेहनत और मशक्कत से वह
बिल्कुल न घबराते
कभी टेंशन में रहते भी
हमको नहीं बताते
प्यारे पापा आप हमारे
इस घर की हैं शान।

## जीके क्विज-210

1. देश के अगले आर्मी चीफ कौन होंगे?
2. 23वें फीफा वर्ल्ड कप 2026 का उद्घाटन कहां किया गया?
3. हाल में पीएम नरेंद्र मोदी को किस देश ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया?
4. भारतीय सेना में सर्वोच्च वीरता पुरस्कार कौन-सा है?
5. इसरो का मुख्यालय कहां स्थित है?
6. ताजमहल का निर्माण किस मुगल शासक ने करवाया था?
7. विश्व का सबसे छोटा महासागर कौन-सा है?
8. विद्युत धारा का एसआई मात्रक क्या है?
9. भारत का पहला सुपर कंप्यूटर कौन-सा था?
10. हॉकी में एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?



बच्चो, जीके क्विज-210 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे।

**जीके क्विज-209 का उत्तर :** 1.आर. प्रज्ञानंदा, 2.डी.के. शिवकुमार, 3.ऑस्ट्रेलिया और मलेशिया, 4.योगासन, 5.अश्विनी वैष्णव, 6.हाइड्रोजन, 7.कर्जन, 8.टोकोफेरॉल, 9.ग्यानिमिड, 10.21 जून

**जीके क्विज-209 का सही उत्तर देने वाले :** डिंपल-गरियाबंद, कबीर-हिसार, साहिल-ईमेल से, हरि कृष्ण-लुधियाना, कमल-रायपुर, सुदीप-बिलासपुर, प्रिया-बलौदा बाजार, सुमंत-महासमुंद, जिया-दुर्ग, किशन-रोहतक, संचिता-भोपाल

## रंग भरो-204

रंग भरो-204 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





दिव्या, बिलासपुर



आयांश, दुर्ग



पलक, अटेली मंडी



नंदिनी, उमरिया



साक्षी, रायपुर



सिद्धि, राजनांदगांव

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

वर्णिका-खैरागढ़, दिशा-बिलासपुर, श्रेया-दुर्ग, सचिन-रोहतक, रोहित-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, डॉली-दुर्ग, दीपक-जांजगीर, सौम्या-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, कुणाल-करनाल, प्रिया-कोरबा

## रंग भरो 205



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र मे हर्ष और खुशी अपने पापा को फादर्स-डे के मौके पर गिफ्ट दे रहे हैं। इस प्यारे-से चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।